16 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 28

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अगले 25 वर्षों के विजन के साथ राज्य सरकार काम कर रही: हेमंत




# रजत पर्व का उत्सव

धरती आबा की जयंती एवं स्थापना दिवस




## आज का कार्यक्रम

### जतरा

**समय:** 11 बजे पूर्वाह्न से 01 बजे अपराह्न तक
**स्थान:** जैप - 1 ग्राउंड, डोरंडा, रांची से बिरसा मुंडा स्मृति पार्क, जेल चौक तक



### सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समय:** 04 बजे अपराह्न से 08 बजे रात्रि तक
**स्थान:** मोरहाबादी मैदान, रांची

- रिद्म ऑफ फॉक
- शास्त्रीय नृत्य एवं समकालीन आधुनिक नृत्य
- झारखण्ड के कलाकार **टॉम मुर्मू** की प्रस्तुति
- ड्रोन शो
- बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर **श्रीमती शिल्पा राव** एवं दल की प्रस्तुति



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 366145 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# जीत की गारंटी बने अभेद्य हेमंत

## ■ लीडर क्या होता है, हेमंत सोरेन की सेना ने बता दिया

## ■ कोई पुआल पर सोया, किसी ने ट्रेन से सफर किया, एसी छोड़ माननीय बन गये आम झारखंडी



राकेश सिंह
संपादक

घाटशिला में हुए उपचुनाव ने एक बार फिर साबित कर दिया कि झारखंड के चुनाव में हेमंत सोरेन जीत की गारंटी हैं। राज्य में होनेवाले किसी भी चुनाव में उनका जवाब नहीं है। घाटशिला उपचुनाव का नतीजा सामने है। झामुमो के कद्दावर नेता रहे दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र और राजनीति से कोसों दूर रहे सोमेश सोरेन ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को 38 हजार से अधिक अंतर से हराया है, जो इतिहास बन गया है। सोमेश की तरह बाबूलाल सोरेन राजनीति में नौसिखिया नहीं हैं, बल्कि एक दशक से सक्रिय हैं।

झारखंड बनने के बाद हेमंत सोरेन सक्रिय राजनीति में आये। 2004 से उनकी सियासी सक्रियता शुरू हुई। पहला चुनाव दुमका से लड़े। हार गये। अगले चुनाव में वापसी की, तो फिर पीछे मुड़ कर देखने की नौबत नहीं आयी। घाटशिला में उपचुनाव था। झामुमो हार भी जाता, तो सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन हेमंत सोरेन ने इस उपचुनाव को पूरी गंभीरता से लिया। उन्होंने बेहतरीन तरीके से राजनीतिक घेराबंदी की। सोमेश को तीन महीने पहले से चुनाव कार्य में जुट जाने का इशारा किया। चुनाव आयोग ने जैसे ही अधिसूचना जारी की, कैबिनेट मंत्री सुदिव्य सोनू को घाटशिला भेज दिया। परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ को घाटशिला में जम जाने का संदेश मिला। कोल्हान प्रमंडल के सभी सांसद और विधायक घाटशिला के रण में कूद पड़े।

### फिर चला कल्पना सोरेन का जादू

घाटशिला के चुनावी समर में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने फिर साबित किया कि फिलहाल वे ही झामुमो की स्टार प्रचारक हैं। जनता से सीधे जुड़ने की उनमें अद्भुत कला है। संवाद का तरीका ऐसा कि कोई भी एकबारगी उनकी बातों में बहता चला जाये। घाटशिला से कल्पना सोरेन का मायका बहुत दूर नहीं है। लोगों के मन-मिजाज के बारे में वह पहले से कुछ न कुछ वाकिफ रही हैं। इसलिए लोगों की भावनाओं को समझने और समझाने में उन्हें और आसानी हुई।

### सोमेश सोरेन को हर कदम पर हेमंत ने गाइड किया

एक और अहम बात। सोमेश को हर कदम पर हेमंत सोरेन का साथ मिला। बड़े भाई की तरह हेमंत सोरेन उनके लिए दिन-रात जुटे रहे। गाइड करते रहे। सोमेश के लिए लोगों के रुझान का बड़ा कारण उनके भोलेपन का अंदाज भी रहा। तीन महीने पहले से चुनाव कार्य में लगे सोमेश हर उस जगह गये, जहां से उन्हें बुलावा आया। बड़े-बुजुर्ग दिखे तो पांव छूकर आशीर्वाद लेने में तनिक भी शर्मिंदगी नहीं। युवा दिखे, तो उनके साथ खेल लिये। दुर्गा पूजा और छठ में गये, तो सबके साथ उसी श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। गांवों में गये, तो ढोल-नगाड़ा का आनंद लिया। यह गुरु मंत्र हेमंत सोरेन ने ही दिया था।

### हर गतिविधियों पर हेमंत ने रखी निगाह

हेमंत सोरेन ने घाटशिला उपचुनाव की पूरी कमान अपने हाथों में रखी थी। विधायक पत्नी के साथ मिल कर उन्होंने वहां की हर गतिविधि पर नजदीकी निगाह रखी। चाहे विपक्षी नेताओं की चुनावी सभाएं हों या उनके द्वारा उठाये जानेवाले मुद्दे, हरेक का जवाब झामुमो की ओर से दिया जाता रहा। इतना ही नहीं, कल्पना सोरेन ने घाटशिला की महिलाओं को यह समझा दिया कि उनके लिए हेमंत सोरेन सरकार क्या कर रही है। हेमंत सोरेन ने चुनाव प्रचार के दौरान एक बार भी कोई आरोप नहीं लगाया और हमेशा आदिवासियत, संस्कृति, संस्कार और विकास की बात की। स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रामदास सोरेन की यादों को वह मतदाताओं के दिलो-दिमाग में बैठाने में पूरी तरह सफल रहे।

### चंपाई सोरेन के करीबी रहे नेताओं को टास्क दिया

स्वर्गीय शिबू सोरेन के बेहद विश्वसनीय होने के नाते दशकों तक कोल्हान प्रमंडल में झामुमो की कमान चंपाई सोरेन संभालते रहे। 2024 के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले वे भाजपा में चले गये, तो कोल्हान को बचाये और बनाये रखने के लिए हेमंत सोरेन को खूब मशक्कत करनी पड़ी। हेमंत सोरेन ने कभी चंपाई सोरेन के करीबी रहे परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ को घाटशिला उपचुनाव की जवाबदेही दी। उनकी मदद के लिए सुदिव्य सोनू को तैनात किया। हेमंत सोरेन ने दीपक बिरुआ के रूप में बेहतरीन कमांडर चुना। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी और बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती भी कभी चंपाई के नजदीकी नेताओं में शुमार थे। उन्हें भी चंपाई पुत्र के खिलाफ लगाया गया। हिदायत खान और राजू गिरी को भी झोंका गया, जो कभी चंपाई के विश्वस्त थे, वही उन्हें घाटशिला में घेरने में लग गये। इसका असर यह

आजाद सिपाही विशेष



हुआ कि हेमंत सोरेन के पास भाजपा खेमे की तमाम कमजोरियों की सूचना थी। चंपाई के हर दांव को पहले से जानने और समझने वालों ने उनकी एक न चलने दी।

### मंत्री हो या विधायक, सबने खुद को झोंक दिया

हेमंत सोरेन की रणनीति पूरे घाटशिला में घेराबंदी करने की थी। इसलिए उन्होंने झामुमो नेताओं को वहां कैंप करने को कहा। पार्टी के नेताओं ने कैसे एक महीने तक इलाके में चुनाव प्रचार अभियान चलाया, इसका उदाहरण उनके रहन-सहन से मिलता है। उन्हें गांव में खाट मिला, तो ठीक। होटल में वातानुकूलित कमरा मिला, तो बढ़िया। उन्होंने हेमंत के निर्देश पर खुद को झोंक दिया था। जैसा देश, वैसा भेष। घाटशिला विधानसभा सीट उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की रिकॉर्ड मतों से जीत के पीछे पार्टी के तमाम समर्थकों, कार्यकर्ताओं और नेताओं की कड़ी मेहनत लगी है। हर स्तर के नेता, कार्यकर्ताओं ने पार्टी की चुनावी रणनीति को जमीनी हकीकत में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस क्रम में कुछ मंत्री, विधायक और स्थानीय नेता ऐसे भी रहे, जिनकी मेहनत की चर्चा घाटशिला के चप्पे-चप्पे पर है। इस उपचुनाव में झामुमो के जिन नेताओं के नाम की चर्चा हुई उनमें मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, राजमहल के विधायक एमटी राजा, शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक सोरेन, पोटका के विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर आदि के नाम प्रमुख हैं। इनके अलावा जमशेदपुर निवासी पवन सिंह के नाम की भी खूब चर्चा हुई। पूर्व विधायक और यूथ आइकॉन के तौर पर क्षेत्र में चर्चित कुणाल ने मीडिया प्रभारी के रूप में बेहतर काम तो किया। यूथ वोटरों और ओड़िया भाषियों के बीच इन्होंने खूब मेहनत की और वोटरों को साधने में कामयाब रहे। शुरू से ही मंगल कालिंदी घाटशिला टाउन एरिया में सक्रिय रहे, तो आखिरी एक सप्ताह बखूबी इनका साथ मिथिलेश ठाकुर ने दिया। दोनों ने मिलकर टाउन एरिया के भाजपा के मतदाताओं को पूरी शिद्दत के साथ साधा और झामुमो के कैडर वोटरों को भी इधर-उधर नहीं बहकने दिया। विधायक मंगल कालिंदी तो रोज सुबह घाटशिला रेलवे स्टेशन पहुंच जाया करते थे और आम लोगों के साथ बैठकर चाय पर चर्चा करते दिख जाते थे। इसी तरह शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक सोरेन के बारे में चर्चा है कि उन्हें दामपाड़ा क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली थी। वे शिकारीपाड़ा से घाटशिला आकर लगभग दो सप्ताह तक पार्टी के चुनावी कार्यालय में ही टिके रहे। दिनभर गांव में घूमते, शाम को कार्यकर्ताओं से रिपोर्ट प्राप्त करते और चुनावी कार्यालय में बिछे पुआल पर ही रात बिताते थे। इसी तरह राजमहल के विधायक एमटी राजा को मुसाबनी की जिम्मेदारी दी गयी थी, जिसे उन्होंने पूरे शिद्दत से निभाया। पोटका के विधायक संजीव सरदार को पूरे विधानसभा क्षेत्र में मुंडा-भूमिज समाज के वोटरों को साधने की ड्यूटी मिली थी, जिसे उन्होंने पूरे लगन से निभाया। बता दें कि मुंडा वोटरों के बारे में भाजपाइयों का दावा रहता था कि इस समाज के वोटर कमल फूल छाप पर मुहर लगाते हैं। लेकिन इस बार झामुमो के दो बार के युवा और तेज तर्रार विधायक के रूप में अपनी छवि बना चुके संजीव सरदार ने मुंडा-भूमिज वोटरों को भाजपा से तोड़कर अपनी पार्टी के पाले में ला कर खड़ा कर दिया। पड़ोस के विधायक समीर मोहंती ने भी स्वर्गीय रामदास सोरेन के प्रति श्रद्धा और पार्टी के प्रतिष्ठा बचाये रखने के लिए पूरजोर मेहनत की। कुल मिलकर जेएमएम ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक टीम की तरह चुनाव को लड़ा और जीता।

### सोमेश सोरेन के रूप में बेहतर प्रत्याशी चुना

रामदास सोरेन के निधन के बाद झामुमो के सामने उनके उत्तराधिकारी के चयन का सवाल था। हेमंत सोरेन ने स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात की। परिवार के लोगों से भी बात की। सोमेश सोरेन से भी मशविरा किया और जब सब कुछ तय हो गया, तब उन्हें मैदान में उतारा। स्थिति यह थी कि प्रत्याशी की घोषणा होने से एक दिन पहले तक किसी को भनक तक नहीं थी कि किसे उतारा जा रहा है। यह हेमंत सोरेन की राजनीतिक समझदारी का प्रमाण है। फिर सोमेश सोरेन को टिकट देकर उन्होंने एक ऐसे प्रत्याशी को चुना, जो पूरी तरह नया था। सोमेश सोरेन का नाम कुछ महीने पहले तक जिले में शायद ही कोई जानता होगा। घोड़ाबांधा में स्वर्गीय रामदास सोरेन का आवास है। वहीं के कुछ लोग सोमेश से परिचित थे। सियासत से प्रत्यक्ष तौर पर सोमेश का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं था। रामदास सोरेन न सिर्फ राजनीति से अपने बच्चों को दूर रखे हुए थे, अपितु परदे के पीछे से भी उनकी कोई संतान राजनीतिक विषयों में नहीं पड़ती थी। रामदास सोरेन का अचानक निधन हुआ, तो एकबरगी सब सोचने लग गये थे कि अब उनके परिवार की सियासत में वापसी आसान नहीं होगी। लेकिन सोमेश सोरेन को हेमंत सोरेन ने राजनीति में लाकर एक बेहतरीन काम किया। सोमेश को सीएम हेमंत सोरेन का पूरा साथ मिला। उन्होंने सोमेश को अपनी बुद्धि और विवेक से आगे बढ़ने को प्रेरित किया। साधारण युवा की जिंदगी जीने वाले सोमेश ने सधे कदम से बढ़ना शुरू किया। वह कुछ महीनों के भीतर घाटशिला की जनता को यह संदेश देने में कामयाब रहे कि उन्हें मौका मिला तो अमन कायम रहेगा, विकास आगे बढ़ेगा, परंपरा के साथ आधुनिक सोच का समागम देखने को मिलेगा।

---

## राज्यपाल, हेमंत और बाबूलाल ने 25वें स्थापना दिवस पर राज्यवासियों को दीं शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता







**रांची।** रांची झारखंड शनिवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राज्य भर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच, राज्य के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के सभी लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, झारखंड आज अपने स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है, यह विभिन्न क्षेत्रों में हमारी प्रेरणादायक प्रगति का प्रतीक है। मैं आप सभी की सुख-समृद्धि और राज्य की निरंतर उन्नति की कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर सभी राज्यवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, आज का दिन हमारे पुरखों के संघर्ष, बलिदान और आत्मसम्मान को नमन करने का अवसर है। धरती आबा बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू और फुलो-झानो जैसे वीरों की विरासत से प्रेरित होकर हमारा झारखंड आज विकास, संस्कृति और पहचान की नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। अबुआ सरकार हर मंईयां के सम्मान, बच्चों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार और परिवारों की सुरक्षा के लिए संकल्पित है।

झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नैसर्गिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और अपार खनिज संपदा से भरपूर हमारा प्रिय झारखंड अद्भुत विविधताओं का संगम है। झारखंड की भूमि पर जनजातीय वीरों के त्याग, संघर्ष और स्वाभिमान की गाथाएं आज भी हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरणा देती है। हमारा झारखंड निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़े, नयी ऊंचाइयों को छुए और प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए, ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूं।

## रबींद्रनाथ महतो ने दी धरती आबा को श्रद्धांजलि, कहा
## पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा के प्रति कृतज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा परिसर में शनिवार को विभासभाध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। राज्य के लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि झारखंड सहित समस्त देश आज भगवान बिरसा मुंडा के प्रति कृतज्ञ है। वे पराधीन भारत में शोषण के विरुद्ध और स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले स्वतंत्रता आंदोलन के महान नायक थे। उन्होंने उस दौर में लोगों को आजादी और जनाधिकार के लिए प्रेरित किया, जब देश के अंदर हर क्षेत्र में अंग्रेजी हुकूमत का शोषण और उत्पीड़न व्याप्त था। अपने चमत्कारी नेतृत्व से उन्होंने आंदोलन को दिशा दी।



अंग्रेजी शासन के विरुद्ध उल्लगुलान का शंखनाद किया। हमें गर्व है कि वे महान क्रांतिकारी ने झारखंड की धारा में जन्म लिया। भगवान बिरसा मुंडा की दूरदर्शिता न केवल स्वतंत्रता आंदोलन में प्रेरणादायी रही, बल्कि झारखंड राज्य की स्थापना की नींव रखने में भी उनके विचारों को दृष्टिपथ पर रख कर हम मार्गदर्शित हुए और आगे बढ़ते रहे। युवा झारखंड अपनी रजत जयंती पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को स्मरण करते हुए भाव विभोर है।

## मेघवाल और सुदेश मिले संजय सेठ के आवास पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की आजसू प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के साथ मुलाकात हुई और झारखंड के विकास एवं राजनीतिक परिस्थिति को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। बिहार विधानसभा में ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाओं का आदानझ्रप्रदान भी हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी पवन बजाज जी भी उपस्थित थे।

### बिरसा जयंती पर आजसू पार्टी ने दी श्रद्धांजलि



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कोकर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर समेत अन्य नेताओं ने भी बिरसा मुंडा को नमन किया। सुदेश महतो ने कहा की झारखंड का गठन आदिवासी-मूलवासी के हक, अधिकार और पहचान के लिए किया गया है। जिन उद्देश्यों के साथ राज्य बना है, वे पूरे नहीं हुए हैं। बिरसा मुंडा ने जिन सपनों के लिए जंगल में उलगुलान किया, वे अधूरे हैं। उनके लिए आजसू संघर्ष जारी रखेगी।

## स्कूल के लिए निकला छात्र घर नहीं लौटा

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रद्धानंद हायर सेकेंडरी स्कूल कमड़े में कक्षा नवीं का छात्र अनमोल शर्मा 13 नवंबर से लापता है। वह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। उसके बाद से नहीं लौटा है। उसके पिता सूरज शर्मा ने इस संबंध में रातू थाना में मामला दर्ज कराया है, जिसमें कहा गया है कि रातू के एतवार बाजार के पास वे रहते हैं, उनका पुत्र शनिवार तक वापस नहीं लौटा है। पूरा परिवार तनावग्रस्त है। उन्होंने अपने परिवार और परिचितों से पुत्र के संबंध में जानकारी हासील की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अनमोल का रंग गोरा है। वह 5 फीट 6 इंच लंबा है। गुमशुदा अनमोल के बारे में जानकारी मिलने पर मो. 9234411423 और 9122613422 पर सूचना दी जा सकती है।

## धुर्वा डैम में गिरी अनियंत्रित कार, तीन पुलिसकर्मियों की मौत, शव बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में शनिवार सुबह तीन पुलिसकर्मियों का शव बरामद हुआ है। मृतकों की पहचान प्रिंसिपल जिला जज जमशेदपुर के दो बॉडीगार्ड और सरकारी ड्राइवर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दो बॉडीगार्ड और ड्राइवर शुक्रवार देर रात धुर्वा डैम से होकर गुजर रहे थे, इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और धुर्वा डैम में जा गिरा। हादसे में तीनों की मौत हो गयी। मृतकों में उपेंद्र कुमार सिंह, रोबिन कुजूर और सतेंद्र सिंह शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार देर रात धुर्वा डैम के पास से एक वाहन गुजर रहा था, अचानक वह वाहन तेजी के साथ धुर्वा डैम में जा गिरा। सूचना मिलने पर धुर्वा और नगड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। 2 से 3 घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों, गोताखोरों और पुलिस की मदद से कार को डैम से बाहर निकाला गया जिसमें से तीन शव और दो पुलिस के हथियार बरामद किये गये। हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि वाहन अनियंत्रित होने की वजह से धुर्वा डैम में जा गिरा, जिसकी वजह से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। राहत और बचाव कार्य के बाद बॉडीगार्ड के शव और उनके हथियार डैम से खोज कर निकाल लिये गये हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। अब तक जो जानकारी सामने आयी है, उसके अनुसार तीनों पुलिसकर्मी स्विफ्ट कार से धुर्वा स्थित ज्यूडिशल एकेडमी से धुर्वा डैम की तरफ निकले थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। धुर्वा डैम से निकाले गये वाहन की भी जांच की जा रही है।

www.epaper.azadsipahi.in
16 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 28
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

उलगुलान के नायक को नमनः बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना के रजत वर्ष पर भाजपा ने निकाली शोभायात्रा





## GD GOENKA SCHOOL

Thrive. For Life.

Ranchi
Jharkhand

(AFFILIATED TO C.B.S.E. UPTO CLASS XII)




EXCELLENCE IN EDUCATION 30 YEARS GD GOENKA

# ADMISSIONS OPEN
## SESSION 2026-27
(From Grade Nursery to 9th)

There is nothing like "*good school and bad school*", it all depends upon what the parents want and need from school. Happier students learn faster and perform better.

- Dr. Sunil Kumar
Principal
MA. B.Ed, Ph.D, PGDEA

*The child has to clear the aptitude test and initial screening for admission*

For more information, please visit the school office
(08:00 AM to 03:00 PM)

**Call: 7707001106 / 07/ 08**



7707001106/07/08 info@gdgoenkaranchi.com www.gdgoenkaranchi.com

Doranda-Namkum Road, Near Namkum Block, Namkum, Ranchi, Jharkhand-10


GD GOENKA SCHOOL
Thrive. For Life.
Ranchi
Jharkhand
(AFFILIATED TO C.B.S.E. UPTO CLASS XII)
Our Salient Features
•Main Entrance
•Tyre Park
•Mini Golf Course
•Cricket
•Volleyball
•Football
•Basketball
•Lawn Tennis
•GYM
•Canteen
•Centralised AC
•Art & Craft Room
•Activity Room
•Smart Classrooms
•Foundation Classrooms
•CWSN Room
•Infirmary
•Library
•Western Music
•Indian Music
•Indo-Western Dance Studio
•Drum Room
•Math Lab
•Composite Lab
•Bio Lab
•Chemistry Lab
•Physics Lab
•Rifle Shooting
•Chess & Carrom Room
•Table Tennis
•Computer Lab
•Indoor Wooden Badminton Court
•Swimming Pool
•Sports Lab
•CCTV Surveillance
•Security Guards
•Well-Trained Teaching Staffs
ADMISSIONS OPEN 2026-27
NURSERY to 9TH
For admission help-desk :
+91 7707001106
+91 7707001107
+91 7707001108
WE EQUIP YOUR CHILD WITH SKILLS FOR LIFE.

16 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 28

राज्यपाल और सीएम ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



## देश भर में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

# अगले 25 वर्षों के विजन के साथ राज्य सरकार काम कर रही: हेमंत

- 25 वर्षीय झारखंड ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी
- रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हुए शामिल
- 8799 करोड़ रुपये की 1087 योजनाओं का किया गया उद्घाटन-शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर रांची के मोरहाबादी मैदान शनिवार को राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजपाल संतोष कुमार गंगवार उपस्थित रहे। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी मायने रखता है। यह हम सभी के लिए गौरव का दिन है। एक तरफ हम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं, तो दूसरी तरफ झारखंड राज्य के गठन का रजत पर्व उत्सव। इस मौके पर सभी अमर वीर-वीरांगनाओं और उन पूर्वजों को नमन करता हूं, जिन्होंने इस राज्य के लिए शहादत दी। अपने इन वीर शहीदों और पूर्वजों के सपनों का झारखंड बनने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं।

**आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर हमें आगे बढ़ना है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम झारखंड राज्य की 25वीं वर्षगांठ बना रहे हैं लेकिन, हमें आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर प्रकृति के साथ संतुलन बनाते हुए झारखंड बनाने की तैयारी करनी होगी। हमारे पूर्वजों ने जो गरीबी, शोषण और अत्याचार का दंश झेला है। उससे बाहर निकल कर अपने को इस कदर मजबूत बनाना है कि हम अपने साथ इस राज्य को भी ताकत देने का काम कर सकें।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** रजत पर्व उत्सव समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अमित कुमार महतो, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी एवं प्रधान सचिव वंदना दादेल समेत कई वरीय पदाधिकारीगण तथा हजारों की संख्या लोग मौजूद थे।

### शिबू सोरेन होते तो मंच की गरिमा और बढ़ जाती

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे उत्साह के साथ झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस बार मेरा मन थोड़ा व्यथित है, क्योंकि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी अब हमारे बीच नहीं है। वह आज जीवित होते, तो इस मंच की गरिमा और बढ़ जाती। स्मृति शेष शिबू सोरेन जी अलग राज्य के निर्माता और प्रणेता थे। वे हमारे मार्गदर्शक थे। आदिवासी- मूलवासी एवं हर झारखंडी की वे पहचान थे। उनके संघर्ष तथा योगदान को कभी भूल नहीं सकते हैं।

### विकसित देश के लिए विकसित राज्य और विकसित गांव बनाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित देश तभी बन सकता है, जब राज्य विकसित होगा। राज्य तभी विकसित होगा जब हमारा गांव विकसित होगा। हमारी सरकार इसी बात को ध्यान में रखकर गांव को मजबूत बनाने की दिशा में पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। गांव की समृद्धि से ही राज्य और देश की खुशहाली- उन्नति का रास्ता खुलता है।

### झारखंड तेजी से बदल रहा है

हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में इस राज्य में काफी कुछ बदला है । राज्य में अब और तेजी से बदलाव हो रहा है। राज्य को आगे ले जाने में जो व्यवधान आ रहे थे, उसे दूर करने का प्रयास हो रहा है। मैं कह सकता हूं कि आज झारखंड देश के अग्रणी राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

### महिलाएं बन रहीं हैं सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार ने निर्णायक कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना का प्रभाव साफ देखने को मिल रहा है। आज हमारी सरकार शुरू की गयी इस योजना को कई अन्य राज्यों द्वारा भी अमल में लाया गया है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़े, इसके लिए सरकार हर मोर्चे पर उन्हें सहयोग कर रही है।

### 'आज हर झारखंडी सिर उठाकर खड़ा है'

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस की सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

पूर्वजों के संघर्ष का ही नतीजा है कि आज हर झारखंडी सिर उठा कर खड़ा है।

वीर शहीदों और पूर्वजों की वजह से हमें अलग पहचान मिली।

हमारी सरकार ऐसा रास्ता तैयार करने का प्रयास कर रही है, जहां आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए अपार संभावनाएं मिले।

झारखंड तेजी से बदल रहा है, अब हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

अपने अमर वीर शहीदों और पूर्वजों के सपनों का झारखंड बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

स्मृति शेष शिबू सोरेन जी राज्य के निमार्ता, प्रणेता मार्गदर्शक थे। आदिवासी- मूलवासी एवं हर झारखंडी की वे पहचान थे।

अपनी परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए सभी को आगे आना होगा।

आदिवासी इस देश के मूलवासी हैं, प्रथमवासी हैं।

आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए झारखंड को आगे ले जाने की दिशा में कदम बढ़ाना है।

विश्व पटल पर भारत की पहचान है तो उसमें झारखंड की बहुत बड़ी भूमिका है।

राज्य सिर्फ खनिज संसाधनों नहीं बल्कि पर्यटन और खेल जैसे कई क्षेत्रों में अलग पहचान के लिए जाना जाता है।

मेहनतकश श्रम बल आज देश को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

हमारी सरकार अपनी इन क्षमताओं को पहचानते हुए एक ऐसा रास्ता तैयार करने का प्रयास कर रही ह।

शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन समेत सभी क्षेत्रों में कई नये आयाम जोड़ने का काम हमारी सरकार कर रही है।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं का हुआ शिलान्यास

- रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में रीक्रिएशन पार्क, इको पार्क तथा सामुदायिक पार्कका विकास।
- रांची के खादगढ़ा में बिरसा मुंडा बस टर्मिनल का नवीनीकरण एवं उन्नयन।
- कोडरमा जिले में 50 बेड वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक का निर्माण कार्य ।
- गुमला जिले में जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र का निर्माण कार्य।
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग में 50 बेड वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक निर्माण कार्य ।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सिमडेगा में सिंथेटिक फुटबॉल मैदान का निर्माण कार्य।
- हजारीबाग जिले में नये फार्मेसी संस्थान का निर्माण कार्य।
- इको टूरिज्म योजना के तहत तिलक मांझी नेचर पार्क तथा फॉसिल पार्क का निर्माण कार्य।
- मधुपुर और गिरिडीह में बर काउंसिल भवन के निर्माण कार्य।
- रांची के टाटीसिल्वे में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप का निर्माण कार्य।

### इन महत्वपूर्ण योजनाओं का हुआ उद्घाटन

- कोर कैपिटल एरिया, रांची में विधानसभा सदस्यों के लिए निर्मित आवासीय परिसर।
- देवघर और लोहरदगा में नये समाहरणालय भवन का निर्माण।
- 400 केवी संचरण लाइन तथा 220/132/33 केवी ग्रेट सब स्टेशन, पतरातू का निर्माण।
- गोड्डा में नये इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण।
- बोकारो में नये प्रोफेशनल कॉलेज का निर्माण।
- कोडरमा के डोमचांच में 50 बेड वाले अस्पताल का निर्माण कार्य।
- धनबाद, पश्चिमी सिंहभूम के बड़ाजामदा, गोड्डा के बोआरीजोर, पाकुड़ के पाकुड़िया और सिमडेगा के ठेठईटांगर में प्रिफेब फील्ड अस्पताल, दुमका में धनवंतरी आयुष अस्पताल और गोड्डा में 50 बीएड वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का निर्माण।
- सिमडेगा में नये अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम का निर्माण।
- चतरा के इटखोरी एक मंदिर का संरक्षण एवं विकास कार्य।

### सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने लगायी है प्रदर्शनी

राजपाल और मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अनावरण किया। यहां इमर्सिव जोन में झारखंड राज्य के 25 वर्षों के सफर, भगवान बिरसा मुंडा समेत सभी अमर वीर शहीदों तथा दिशोम गुरु स्मृति शेष शिबू सोरेन जी की गाथा का अवलोकन किया। वहीं, झारखंड की 25 वर्षों की गाथा तथा उपलब्धियां पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया।

### 1087 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 8799 करोड़ रुपये की 1087 योजनाओं का की सौगात दी। इसमें 4324 करोड़ रुपये की 878 योजनाओं का उद्घाटन तथा 4475 करोड़ रुपये की 209 योजनाओं की नींव रखी।


इम्पैक्ट फीचर

# शारदा ग्लोबल स्कूल: ज्ञान, नेतृत्व और उत्कृष्टता के 10 वर्ष

शारदा ग्लोबल स्कूल की स्थापना वर्ष 2015 में इस उद्देश्य से की गई थी कि शहर से दूर रहने वाले विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट शिक्षा, आधुनिक तकनीकों और सर्वांगीण विकास के समान अवसर प्रदान किए जा सकें। विद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से ही शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित किए हैं। शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपनी स्थापना के 10 गौरवशाली वर्षों की पूर्णता का उत्सव बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन समारोह से हुआ।
वृन्दावन से ब्रज कीपर बैंड को निमंत्रित किया। ये प्रोग्राम 14 नवम्बर 2025 को टाना भगत स्टेडियम में आयोजित किया गया। ब्रजकीपर के धुर्व शर्मा और स्वर्णा ने अपनी गायकी से समां बांधा, लगा जैसे हम वृन्दावन में पहुँच गए। विद्यालय की प्रबंधक समिति ने बताया कि आज के समय में जब बच्चे आधुनिकता की दौड़ में अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे कार्यक्रम उन्हें अपने मूल्य परंपरा और दिव्यता से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। शारदा ग्लोबल स्कूल जो बच्चों को "Future Ready" बनाने में विश्वास रखता है, यह भी भली-भांति समझता है कि भविष्य का निर्माण तभी संभव है जब बच्चे अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से जुड़े रहें। इसी उद्देश्य से विद्यालय ने यह कार्यक्रम आयोजित किया जिससे छात्रों में भारतीयता, संस्कार और अध्यात्मिक भावना का संचार हो सके।



हर सुर में श्याम का स्पर्श था। हर दिल वृंदावन बन गया।। - ध्रुव शर्मा एवं स्वर्णा श्री



किसी भी शिक्षण संस्थान की सफलता विद्यालय के उचित निर्देशन,गुणवत्ता युक्त शिक्षण, अनुशासित छात्रों एवं अभिभावकों के सहयोग पर निर्भर करती है।
- संजय शारदा, चेयरमैन



शारदा ग्लोबल स्कूल की प्रतिबद्धता अपने विद्यार्थियों में शिक्षा के उच्चतम मापदण्डों को विकसित करना उनके चर्तुदिक विकास पर निरन्तर ध्यान देना है।
- दीपक बंका, डायरेक्टर



शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों के ज्ञानवर्द्धन के साथ-साथ नवीन तकनीकियों से उन्हें परिचित कराता है ताकि छात्र आगे आने वाली स्पर्धाओं का सामना कर सकें।
अनुज रंजन, डायरेक्टर



दस वर्ष किसी संस्थान को विषिष्ट रूप से स्थापित करने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। हमारी दृष्टि में प्रत्येक छात्र महत्वपूर्ण है। शारदा ग्लोबल स्कूल ने इन दस वर्षों में राँची में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है तथा शहर के टॉप 10 स्कूलों में स्वयं को प्रतिष्ठित किया है।
डॉ. रंजना स्वरूप, डायरेक्टर एकेडमिक्स



शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों को वह वातावरण प्रदान करता है जिससे छात्र भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम, आत्मविष्वासी और नवाचारी सोच से परिपूर्ण है।
श्रीमती जसमीत कौर, प्राचार्या

## शैक्षणिक उत्कृष्टता और उपलब्धियां



शारदा ग्लोबल स्कूल ने वर्ष 2021 में अपनी पहली सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया। पिछले पाँच वर्षों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्ष 2024 में विद्यालय ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मिसाल पेश की। विद्यालय के विद्यार्थी जेईईए नीट, आईआईटी, बीआईटी, एनआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में चयनित होकर निरंतर विद्यालय को गौरवान्वित करते रहे हैं।

## आधुनिक प्रयोगशालाएं और क्लब्स

विद्यालय आज आधुनिक शिक्षा और नवाचार का केंद्र बन चुका है। यहाँ विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स लैब, कंप्यूटर लैब, गणित प्रयोगशाला, भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं। सृजनशीलता और कला को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में आर्ट स्टूडियोए डांस और म्यूज़िक स्टूडियो भी हैं। छोटे बच्चों के लिए विशेष 'Just Giggles' प्ले एरिया बनाया गया हैए जहाँ खेल-खेल में सीखने का





वातावरण प्रदान किया जाता है। विद्यालय में विभिन्न क्लब्स जैसे- आर्ट क्लब, आइंस्टाइन क्लब, आर्यभट्ट क्लब, टेक क्वेस्ट क्लब, स्पोर्ट्स क्लब आदि संचालित हैं। इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थी रोबोट बनाना, मोटर कनेक्शन, व्हील्स गियर, प्रोग्रामिंग भाषाएं, ब्लॉक प्रोग्रामिंग और प्रोजेक्ट- आधारित गतिविधियाँ सीखते हैं। यह क्लब्स विद्यार्थियों में इनोवेशन माइंडसेट विकसित करते हैंए जो आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## खेलकूद और सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियां



विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक खेल एवं रचनात्मक क्रियाकलाप आयोजित किए जाते हैं। यहाँ इनडोर व आउटडोर खेलों के लिए क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट के साथ स्केटिंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विद्यालय के छात्र ओलंपियाड, स्पेल बीए, आईटीओ जैसी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाते रहे हैं।



## भविष्य की योजनाएं

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को और बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक सभागार, इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आधुनिक जिमनेज़ियम और अन्य नई शैक्षणिक संरचनाओं की योजना की घोषणा की है। इन प्रयासों का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक संपूर्ण, सुरक्षित और प्रेरणादायक शिक्षण वातावरण प्रदान करना है।






ADMISSIONS OPEN - 2026-27
CLASS PRE-NURSERY TO IX




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## झारखंड स्थापना की रजत जयंती

# संस्कृति और प्रगति की दिखी झलक







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 15 नवंबर 2025 को झारखंड का 25वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। यह दिन जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के साथ भी मेल खाता है, जो इस समारोह को और भी खास बना देता है। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्य के इतिहास, संस्कृति और 25 वर्षों की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कई नयी कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस भव्य महोत्सव ने झारखंड के लोगों को अपने इतिहास, संस्कृति और प्रगति पर गर्व करने का अवसर प्रदान किया।

**संस्कृति और कला का अद्भुत संगम :** इस वर्ष के महोत्सव का एक प्रमुख उद्देश्य झारखंड की समृद्ध संस्कृति और जनजातीय कला को देश और दुनिया के सामने लाना था।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियां :** विभिन्न समूहों द्वारा झारखंड के लोक नृत्यों (जैसे छऊ, पाइका, जदूर) और पारंपरिक गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयीं, जिन्होंने दर्शकों को राज्य की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

**कला और शिल्प प्रदर्शन :** राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये कलाकारों ने अपनी स्थानीय कलाकृतियों, हस्तशिल्पों और पारंपरिक चित्रों (जैसे सोहराय और कोहबर कला) का प्रदर्शन किया।

### एक जिला, एक उत्पाद स्टॉल

कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष आकर्षण का केंद्र था, इसमें झारखंड के सभी जिलों के प्रसिद्ध उत्पादों को समर्पित स्टॉल लगाया गया। यह पहल आगंतुकों को एक ही स्थान पर पूरे झारखंड की सांस्कृतिक और आर्थिक विविधता से परिचित कराने के लिए की गयी थी।

### विविधता का प्रदर्शन

इन स्टॉलों में हर जिले की सबसे खास चीज को दर्शाया गया, चाहे वह पलामू की लाह हो, रांची की तसर सिल्क हो, चाइबासा का पत्थर कला हो, या कोडरमा का अभ्रक आधारित हस्तशिल्प।

### संस्कृति से जुड़ाव

ये स्टॉल केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं थे, बल्कि यह दिखाने का प्रयास था कि कैसे हर जिले की पहचान उसकी मिट्टी और संस्कृति से जुड़ी हुई है। महोत्सव में आये लोगों ने न केवल इन उत्पादों की खरीदारी की बल्कि झारखंड की प्रामाणिक संस्कृति और कारीगरी को भी करीब से जाना।

### प्रदर्शनी और मुख्य कार्यक्रम की झलकियां

- **वॉल ऑफ फेम - स्वतंत्रता सेनानी:** कार्यक्रम स्थल पर एक पूरी दीवार को वॉल ऑफ फेम - स्वतंत्रता सेनानी के रूप में समर्पित किया गया, जिसमें झारखंड के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गयी।
- **योजनाओं का प्रदर्शन:** सरकारी की फ्लैगशिप योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले पैनल लगाये गये थे, जिनमें 25 वर्षों में हुए विकास कार्यों और कल्याणकारी पहलों की जानकारी दी गयी।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय में झारखंड स्थापना दिवस का भव्य समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में झारखंड स्थापना दिवस का चार दिवसीय उत्सव बड़े ही उत्साह और जोश के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में कई बड़े गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया, जिनमें पद्मश्री महावीर नायक, डॉ कुमार संजय झा डायरेक्टर आइजीएनसीए मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार, संगीत नाटक अकादमी गुरु तपन कुमार पटनायक शामिल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव और वाइस चांसलर डॉ सत्यदेव पोद्दार, चेयरमैन एवं मुख्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर महान लोक नायक भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि और माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सीएमडी डॉ अंकिता यादव ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय के जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी संकाय के डीन, प्रिंसिपल, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंटिंग, स्पीच, निबंध, फैशन शो प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों ने ट्राइबल आर्ट फैशन शो की अद्भुत स्मरणीय प्रस्तुति दी, जिसका निर्देशन विश्वविद्यालय की सीएमडी डॉ अंकिता यादव के निर्देशन में किया गया और साथ दिया मिस आशा पूरन विनीता शर्मा, नेहा लकड़ा, जया, और डॉ चिन्मयी के साथ मिलकर। झारखंडी फूड स्टॉल सब को खूब भाया, स्टेज डेकोरेशन में पिंकी (चित्रकला) ने पेंटिंग के बच्चों को प्रोत्साहित कर मंच को एक सुंदर रूप दिया। निकिता तिवारी ने अपने विद्यार्थियों से झारखंड के डायन प्रथा, जमीन विवाद, भ्रष्टाचारी विधायक पर एक प्रेरणादायक नाटक किया। नम्रता नर्सिंग से बेहतरीन तरीके से झारखंडी पारंपरिक लोक नृत्य को दर्शाया। बीएड के छात्र-छात्राओं ने डॉ सुभाशीष सिन्हा और डॉ सलमा खातून के निर्देशन में अपनी कलाओं से सभी का मन प्रफुल्लित कर दिया। डॉ मधुमंती ने पूरे उत्सव का रूप रेखा तैयार कर मॉनिटरिंग किया। इस पूरे कार्यक्रम का लिखित विवरणी कल्चरल कमेटी की कॉर्डिनेटर डॉ रचना कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय कल्चरल कमिटी की चेयरपर्सन डॉ रूपा सिंहा ने इस चार दिवसीय कार्यक्रम को अपनी टीम के साथ मिलकर बखूबी सफल बनाया। स्टूडेंट्स काउंसिल के मैंबर रिद्धिमा, संदीप , रजनीश, दिव्य ने पूरी देख रेख किये अपने वॉलेंटियर के साथ। सपना केसरी, डॉ मधुमंती, छात्र आर्यन ने अंग्रेजी और हिंदी में होस्ट किया, जबकि डॉ सीता कुमारी डॉ विजया बिरवा नागपुरी मे। डॉ विपिन लकड़ा, शीतल लकड़ा, मिस अभिलाषा, आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज संकाय के सभी सदस्यगण, प्रेम सर, अंशुज सहित सभी विभागों के सदस्यों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान सराहनीय रहा।

## फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल, बरियातू में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्ले ग्रुप से कक्षा 9 तक के बच्चों ने इसमें भाग लिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों के बीच ज्ञानवर्धक और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। नन्हें-मुन्नों ने पसंदीदा द टेडी, म्यूजिकल चेयर, अंताक्षरी, हिट एंड रन आदि खेलों का का जमकर लुफ्त उठाया। विद्यालय की निर्देशिका विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि बाल दिवस सिर्फ मौज मस्ती के लिए नहीं, बल्कि बच्चों को जवाहरलाल नेहरू के जीवन से रूबरू करने के लिए मनाया जाना चाहिए। चाचा नेहरू के जीवन से कुछ सीख लेनी चाहिए। विद्यालय के प्रशासक प्रमोद कुमार ने कहा कि बाल दिवस भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती पर मनाया जाता है, उन्होंने बच्चों की शिक्षा और अधिकारों के लिए कई काम किया। बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, एक संदेश है कि हर बच्चे को सम्मान अवसर, शिक्षा,प्यार और सुरक्षा मिलनी चाहिए।

## महत्वपूर्ण खबरें

### केंद्रीय मंत्री ने उलिहातू में मनाया गौरव दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उलिहातू पहुंचे। आदिवासी इतिहास के महत्वपूर्ण व्यक्ति, भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में खास तौर से भागीदारी निभायी। केंद्रीय मंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा जी के पौत्र से भी बातचीत की।

### झारखंड में कलाकार का अपमान : आदित्य विक्रम जयसवाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता और समाजसेवी आदितय विक्रम जायसवाल ने झारखंडरत्न से सम्मानित और इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट गायिका पूजा चटर्जीजी को आमंत्रित कर नजरअंदाज करने पर दु:ख जताया है। उन्होंने कहा कि कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार ने स्थापना दिवस पर 16 नवंबर को परफॉर्म करने के लिए पूजा को आमंत्रित किया था, लेकिन एक्सिस कम्युनिकेशन नामक कंपनी ने गायिका की टीम से प्रोफेशनल जानकारियां और ट्रैवल प्लान्स लेने के बावजूद उनको नजरअंदाज कर दिया। ईमेल का भी कोई जवाब नहीं दिया गया। यह सरासर कलाकार का अपमान है। आदित्य ने कहा कि एक्सिस कम्युनिकेशन जो की बाहर की कंपनी है, वो यहां की बेटी, बहू को बेइज्जत करके चली जाती है और मनमाने ढंग से कार्य करती है। आखिर इसका जिम्मेवार कौन है। बाहरी कंपनी के इस मनमाने व्यवहार पर झारखंड सरकार क्यों नहीं सवाल उठाती है, जबकि झारखंड रत्न से सुशोभित राज्य की बेटी को बेइज्जत किया जाता है। समाजसेवी आदितय विक्रम जायसवाल ने कहा कि रांची के प्रथम मेयर रहे स्व: शिवनारायण जयसवाल, जिन्होंने आजादी में अहम भूमिका निभायी। रांची के प्रथम मेयर के रूप में राज्य के विकास में मुख्य योगदान दिया। डिस्टिलरी पूल स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल के लिए जमीन भी दिया, लेकिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके परिवार को आमंत्रित नहीं किया जाना निंदनीय है। उन्होंने बताया कि आजादी की लड़ाई के दौरान 1940 में महात्मा गांधी ने इसी परिवार की गाड़ी से रामगढ़ अधिवेशन में गये थे।

## जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के समापन पर रांची मंडल में नुक्कड़ नाटक का मंचन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर रांची रेल मंडल में शनिवार को जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा के समापन पर विविध कार्यक्रम हुए। पखवाड़े का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, जीवन मूल्यों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान के प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाना रहा। इसके तहक समापन मौके पर रांची मंडल के हटिया और मुरी स्टेशनों पर प्रेरणादायी नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। हटिया रेलवे स्टेशन पर मंडल के सांस्कृतिक विभाग (डीसीए) और मुरी स्टेशन पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, त्याग और उनके अदम्य स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन कर अपने नाट्य कौशल का लोहा मनवाया। नाटकों के माध्यम से यात्रियों और स्थानीय जनसमुदाय को जनजातीय नायकों की वीरगाथाओं, उनकी देशभक्ति और सामाजिक एकता के साथ सम्मान के संदेश से अवगत कराया गया। हटिया स्टेशन पर सहायक कार्मिक अधिकारी मदन कुमार सहित बड़ी संख्या में यात्री, रेल कर्मचारी और स्थानीय निवासी मौजूद थे। मूरी स्टेशन पर भी बड़ी संख्या में यात्री, रेल कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने नाटक की सराहना की।

## कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु रोलिंग ब्लॉक लिया जायेगा। अतः रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। ट्रेनें रद्द रहेंगी 1. ट्रेन संख्या 18602/18601 हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ 22.11.2025 को रद्द रहेंगी। ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन : 1.ट्रेन संख्या 18036 हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 18.11.2025 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 1 घंटा विलंब से एवं यात्रा प्रारंभ 19.11.2025 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 2 घंटे विलंब से हटिया स्टेशन से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर -हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 23/11/2025 को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 2 घंटे विलंब से खड़गपुर स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

## सुजाता चौक में बीओबी की मुख्य शाखा का शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 25वें स्थापना दिवस सप्ताह पर बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य शाखा का स्थानांतरण किया गया। नये परिसर का शुभारंभ सोमवार को सिनेमा कॉम्प्लेक्स, सुजाता पिक्चर पैलेस के पास मेन रोड में हुआ। साथ ही गुरुवार को नवीनीकृत बरियातू शाखा का उद्घाटन भी हुआ। महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख स्वप्ना बंदोपाध्याय ने बतौर मुख्य अतिथि शाखा का विधिवत उद्घाटन किया। बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख नीलमणि, सहायक महाप्रबंधक और उप क्षेत्रीय प्रमुख स्वप्निल श्रीवास्तव, शाखा प्रमुख, अन्य कार्यपालकगण, ग्राहक और स्टाफ सदस्य मौके पर उपस्थित थे। अंचल प्रमुख ने बताया की नई शाखाओं में अत्याधुनिक सुविधाएं, डिजिटल बैंकिंग सेवाएं और ग्राहक-केंद्रित समाधान उपलब्ध रहेंगे, जिससे रांची के ग्राहकों को बैंकिंग से जुड़ी सभी सेवाएं आसानी से प्राप्त होंगी।

## शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने झारखंड स्थापना दिवस मनाया



**जनजातीय बच्चों के बीच टी-शर्ट, कॉपी, पेन और मिठाई वितरित की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शंकरा हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक शंकर दुबे और फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने बाल दिवस, जनजातीय गौरव दिवस (धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती) और झारखंड स्थापना दिवस (रजत जयंती) के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गयी। इस अवसर पर शंकर दुबे ने जनजातीय बच्चों को टी-शर्ट, कॉपी, पेन और मिठाई वितरित की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित करना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस और झारखंड स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित थे और उन्होंने भी भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र रांची में कार्यक्रम आयोजित

### भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू जाकर नमन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, रांची द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय केंद्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस मोहंती के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात, क्षेत्रीय निदेशक ने सभी कर्मचारियों के साथ भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान पर चर्चा की और उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस मोहंती, अपर निदेशक डॉ मोती राम, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ रागिनी और अन्य कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि ग्राम- उलिहातू, जिला खूंटी में जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## प्रतीक्षा सूची के यात्रियों की सुविधा को लेकर ट्रेनों में अतिरिक्त कोच

रांची (आजाद सिपाही)। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर, प्रतीक्षा सूची के यात्रियों की सुविधा हेतु रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा प्रदान की जायेगी। ट्रेन संख्या 18603 रांची - गोड्डा एक्सप्रेस में 15.11.2025 को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। ट्रेन संख्या 18611 रांची - वाराणसी एक्सप्रेस में 15.11.2025, 20.11.2025 एवं 21.11.2025 को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। ट्रेन संख्या 18640 रांची-आरा एक्सप्रेस में 15.11.2025, 17.11.2025 एवं 20.11.2025 को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और राज्य स्थापना की वर्षगांठ पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने धरती आबा को किया नमन

# महिलाओं को मजबूत बनाने को लेकर विशेष कार्य कर रही राज्य सरकार : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है, हमारे कई वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर झारखंड राज्य को जन्म दिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शनिवार को उनकी जन्मस्थली उलिहातु (खूंटी) में दिनभर उत्सव का उल्लास छाया रहा। पूरा इलाका 'धरती आबा' के जयकारों से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राज्यों से आये आगंतुकों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम, सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, विधायक विकास सिंह मुंडा, राज्य की मुख्य सचिव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि दी।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है। हमारे कई वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर झारखंड राज्य को जन्म दिया है। हमारे वीर शहीदों ने ही हम राज्यवासियों को राह दिखाया एवं मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि जिनके संघर्ष, अथक प्रयास और बलिदान से इस राज्य का निर्माण हुआ है उनके सपनों का झारखंड बनाना हम सभी कर्तव्य है। वर्तमान समय में हम सभी के कंधों में इस राज्य को सजाने और संवारने की एक बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के आदर्शों पर चलने वाले व्यक्ति आदरणीय दिशोम गुरु बाबा शिबू सोरेन आज हम सभी के बीच नहीं हैं। आज के इस घड़ी में उनकी कमी हम सभी को खल रही है। जब घर से कोई बुजुर्ग सदस्य विदा लेता है तब उस घर पर पूरा सन्नाटा पसर जाता है, आज कहीं न कहीं इस पीड़ा के दौर से मैं गुजर रहा हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से कुछ वर्ष पहले तक यहां के लोगों को इलाज और पढ़ाई के लिए महाजनों या पैसे वाले लोगों से उधार लेना पड़ता था, लेकिन अब हमारी सरकार इन परिस्थितियों को बदलने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धीरे-धीरे महिलाओं को मजबूत बनाने को लेकर विशेष कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम हो रहा है। आने वाले दिनों में खेल, पर्यटन, रोजगार तथा आधारभूत संरचनाओं के विकास पर कई महत्वपूर्ण काम किये जायेंगे, जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि एक-एक झारखंड वासियों के घर-परिवार में खुशहाली आये, लोगों के चेहरों पर मुस्कान हो तथा समस्त राज्यवासी झारखंड के समग्र विकास का सहभागी बने। मुख्यमंत्री ने अंत में सभी को पुनः राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी तथा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को शत-शत नमन किया।

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गौरवपूर्ण रहा है जनजातीय समाज का इतिहास: राज्यपाल

उलिहातू के बिरसा मुंडा कॉम्प्लेक्स में आयोजित राजकीय समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि जनजातियों का इतिहास हमेशा गौरवपूर्ण रहा है। इस समाज ने देश की आजादी में कई कुर्बानियां दी है। हमें उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी जैसी प्रतिमा भगवान बिरसा मुंडा की बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि उलिहातु को आदर्श ग्राम बनाया जायेगा। इससे यह पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से सैलानी यहां आयेंगे। राज्यपाल ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि, मातृभाषा और संस्कृति से प्यार करना चाहिए।

### आदिवासी और जनजातीय समुदायों का सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता : हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के गांव-गांव पहुंचकर सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के दु:ख, तकलीफ को समझने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी एवं जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास को दृष्टिगत रखते हुए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं में आदिवासी तथा जनजातीय समुदायों को सबसे ऊपर रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अपने कार्यों का 50% खर्च माताओं, बहनों, बेटियों तथा गांव, गरीब, किसान के कल्याणार्थ कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार रांची के राज्य मुख्यालय से नहीं, बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। प्रत्येक परिवार के घर आंगन तक विकास योजनाओं का पहुंचाने का कार्य निरंतर चलता रहा है, आगे भी चलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारा राज्य 25 वर्ष का युवा राज्य है। हम युवा वर्ग के साथ मिलकर इस राज्य को अपने बल पर आगे बढ़ाते हुए देश के अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेंगे, इसी लक्ष्य के साथ हमारी सरकार कार्य योजनाओं को मूर्त रूप दे रही है।

## बिरसा मुंडा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू स्थित बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय में शनिवार को बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना की 25वीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर डीएवी के प्रमुख शिक्षाविद् महात्मा एनडी ग्रोवर का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा के संघर्ष और राज्य के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला तथा आर्दशों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

## धुर्वा मोड़ बुंडू में बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। शनिवार को धुर्वा मोड़ बुंडू में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उलगुलान मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश मुंडा, कलाकार रमन गुप्ता, लक्ष्मण मुंडा, रौशन महतो, पुरेंद्र कुमार, भीम मछुआ, गौरसिंह मुंडा, रविशंकर नायक, रितिक विद आदि उपस्थित हुए।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती



खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा डकरा स्थित कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता सहित अन्य सदस्यों ने बारी बारी से बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एव पुष्प अर्पित किया।बिगन सिंह भोगता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के महानायक थे।जिन्होंने जल जंगल जमीन और देश की आजादी के लिए झारखंड में उलगुलान किया था। आज फिर से एक और उलगुलान की जरूरत है ताकि रैयत विस्थापित को उनका हक अधिकार मिल सके।इस मौके पर जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, नरेश गंझू, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, राजेंद्र, विनय, भुनेश्वर, सुनील सहित कई लोग मौजूद थे।

## नारायण आइटीआइ लुपुंगडीह चांडिल में बिरसा मुंडा की जयंती मनी

चांडिल (आजाद सिपाही)। नारायण आइटीआइ लुपुंगडीह में आदिवासी समाज के महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संस्थापक सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटाशंकर पांडे ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। डॉ जटाशंकर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक थे। उन्होंने आदिवासी समाज को एकजुट कर अंग्रेजी शासन के खिलाफ ऐतिहासिक 'उलगुलान' आंदोलन का नेतृत्व किया। इस अवसर पर एडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, जयदीप पांडे, प्रकाश महतो, देवाशीष मंडल, शुभम साहू, पवन महतो, अजय मंडल, गौरव कुमार महतो, कृष्ण पद महतो सहित कई गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक एवं संस्था के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने दी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि



तोरपा (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शनिवार को हिल चौक में स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के वीर पुरुष नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणास्त्रोत थे। कोचे मुंडा ने युवाओं से अपील की कि वे बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभायें। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जायसवाल, विनोद भगत, शशांक शेखर राय सहित अनेक पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सपनों का झारखंड बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

# विधायक सविता महतो ने धरती आबा बिरसा मुंडा को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को धरती आवा बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती व राज्य के 25वें स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बिरसा मुंडा के जन्म जयंती पर विधायक सविता महतो ने भादुडीह, हुमीद, बड़ालाखा, बिहार स्पोंज आयरन, काटीया, ब्लॉक मैदान एवं छोटालाखा स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान विधायक ने काटीया स्टेडियम में आयोजित खेल कूद और फुटबॉल प्रतियोगिता, ईचागढ़ प्रखंड के छोटा आमड़ा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक सविता महतो ने भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर बिरसा मुंडा को नमन किया। भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के दिखाए हुए राहों पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य चारुचांद किस्कु, ओमप्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, धर्मु गोप, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, यसमीन टुडू आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झारखंड स्थापना दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित




**यह आयोजन पिपरवार पुलिस की देखरेख में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा और बचरा हाई स्कूल में आयोजित किया गया**

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर पिपरवार पुलिस के द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा एंव बचरा हाई स्कूल में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में पेंटिंग प्रतियोगता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल स्कूल के बच्चों को पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि विकसित झारखंड विषय पर पिपरवार पुलिस के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव के प्रतिरूप थे। झारखंड आंदोलन में इनकी अहम भूमिका रही है। झारखंड आंदोलन में बिरसा मुंडा का योगदान उनके द्वारा चलाए गए उलगुलान आंदोलन के रूप में सबसे प्रमुख है। इस अवसर पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी जवान एवं दोनों स्कूलों के शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा के ननिहाल चालकद में लगेगी धरती आबा की प्रतिमा : कालीचरण मुंडा



खूंटी (आजाद सिपाही)। वीर बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर सांसद कालीचरण मुंडा ने सोमवार को उनकी जन्मस्थली उलिहातू पहुंचकर बिरसा ओडा और चालकद जाकर धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चक्कड़ को भवन बिरसा मुंडा का ननिहाल मन जाता है।में श्रद्धा सुमन अर्पित जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कमेटी एवं सांसद ने ग्रामीणों से बातचीत की। कार्यक्रम की शुरूआत गांव के पाहन एवं ग्रामीणों द्वारा की गयी पूजा से हुई। इसके पश्चात सांसद कालीचरण मुंडा, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा और जिला कमेटी के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने ग्राम प्रधान, पहान एवं मुखिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और परंपरागत विधि से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद कालीचरण मुंडा से बिरसा मुंडा की नई प्रतिमा लगाने की मांग की। सांसद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रतिमा निर्माण का कार्य शुरू कराया जायेगा। रवि मिश्रा ने कहा कि देश जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, उसमें आज भी बिरसा मुंडा जैसे साहस और संघर्ष की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नाईमुद्दीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नगर अध्यक्ष गुलाम गौश, सोहेल, जोहन, बिनसाय सहित उपस्थित थे।

# बुंडू कॉलेज की छात्रा के साथ दुर्व्यवहार मामले ने तूल पकड़ा, प्राचार्या पर भेदभाव का आरोप

**छात्र संघ नेता सुरेंद्र लोहरा ने चेतावनी दी कि यदि प्राचार्या एफआइआर नहीं कराती हैं, तो आंदोलन किया जायेगा और इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता


**बुंडू।** पांच परगना किसान महाविद्यालय, बुंडू के कर्मचारी मनोज साहू पर एक छात्रा से दुर्व्यवहार और मोबाइल चैटिंग के माध्यम से अश्लील मैसेज भेजने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित छात्रा ने प्राचार्या डॉ विनीता कुमारी को लिखित शिकायत भी दी, जिसकी रिसीविंग कॉपी उसके पास मौजूद है।

आरोप है कि प्राचार्या मामले को दबाने की कोशिश कर रही हैं। छात्र नेताओं ने शनिवार को दिनभर प्राचार्या को सैकड़ों कॉल किये, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। छात्रा और छात्र संघ के सदस्य थाने भी गये, परंतु प्राचार्या द्वारा कोई आवेदन नहीं भेजा गया। जब आजाद सिपाही के संवाददाता ने प्राचार्या से बात करने का प्रयास किया, तो उन्होंने कहा कि वे वरीय पदाधिकारी को सूचना दे चुकी हैं और स्वयं एफआइआर नहीं करा सकतीं।

छात्र संघ नेता सुरेंद्र लोहरा ने चेतावनी दी कि यदि प्राचार्या एफआइआर नहीं कराती हैं, तो आंदोलन किया जायेगा और इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होगी। पीड़ित छात्रा के पास आरोपी की चैटिंग और वीडियो कॉल के स्क्रीनशॉट मौजूद हैं।

गौरतलब है कि गुरुवार को छात्र संघ ने आरोपी को घेर लिया था और कुछ छात्राओं ने चप्पल से उसकी पिटाई भी की थी। पुलिस पूछताछ के लिए मनोज साहू को थाने ले गयी, लेकिन लिखित शिकायत न मिलने के कारण देर रात उसे छोड़ दिया गया। छात्रा डरी और सहमी हुई है।

## शोभायात्रा निकाली गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। शनिवार को भास्कर सरस्वती विद्या मंदिर प्रधान नगर बुंडू और सीताराम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बुंडू के द्वारा जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर विहंगम शोभायात्रा निकाली गयी, जो बुंडू के धुर्वा मोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रमोद कुमार ने कहा कि यह दिन भगवान बिरसा मुंडा के जन्म के अवसर पर आदिवासियों के पहचान के रूप में जनजातीय दिवस के रूप में मनाया जाता है।


**शपथ पत्र**



मैं, आईसा बीबी पति मुमताज अंसारी, निवासी ग्राम - मेढ़ारी, डाकघर - हामी, थाना - महुआडांड, जिला - लातेहार, झारखंड, पिन कोड - 822119। शादी से पहले मुझे अर्चना खलखो, पिता अब्राहम खलखो के नाम से जाना जाता था। शादी के बाद मुझे आईसा बीबी पति मुमताज अंसारी के नाम से जाना जाएगा। अर्चना खलखो और आईसा बीबी एक ही व्यक्ति हैं। दोनों मेरे नाम हैं और मैं शपथ पत्र संख्या 33073, दिनांक 14.11.2025 के अनुसार मै एक ही व्यक्ति के रूप में पहचानी व जानी जाऊंगी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– एस०जी०–डी०एस०ई०–ओ०टी०–08–25**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमंत्रित करती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** एसोसिएटेट एस एंड टी वर्क फॉर भैरियस इंजीनियरिंग आरजीएम, डाउन टीएसआर (पी), टीबीआर, टीएफआर, टीडब्लूआर, सीटीआर (पी), टीआरआर (पी), टीएसआर (पी), सीटीआर (एस/पी), एसएल–आईएसडी (पी) एंड ट्रैक मशीन साईडिंग वर्क्स ईन डीडीयू डीविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹2,21,58,246.61/– (दो करोड़ इक्कीस लाख अन्ठावन हजार दो सौ छियालिस रूपये एवं इकसठ पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹2,60,800/– (दो लाख साठ हजार आठ सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 05/12/2025 को 12:30 तक। **5. वेबसाईट का पता जहां से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in

व०मं०सं० एवं दू०सं० अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1282/डीडीयू/एस&टी/टी/25–26/32

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 5073 date 13.11.2025, I Odil Topno, W/o Lalu Tono, Present address:- Quatar No. 119, Nagarmal Modi Seva Sadan Hospital, Upper Bazar, Ranchi Permanent address :- Baski, Torpa, Khunti, Dist- Ranchi, do hereby solemnly affirm and declare as under:
1. That I am citizen of India by birth.
2. That my Actual Name is 'Odil Topno' but in Aadhar card my name is mentioned 'Maria Salomi Odil Bhengra' that is wrong.
3. That my actual Date of Birth is 01/09/1978 in my All Documents but in Aadhar Card my Date of Birth is mentioned 01/09/1973 that is Wrong.
4. That the present affidavit is Purpose name correction 'Maria Salomi Odil Bhengra' to 'Odil Topno' and date of birth 01/09/1973 to 01/09/1978.
5. That all above statement are true and correct.

**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई–निविदा के लिए निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या :** GEM/2025/B/6887262, dated 13/11/2025, **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के गोमो और हजारीबाग टाउन स्टेशनों पर लोकोमोटिव में आर डी एस ओ विनिर्देश AAR M-916-51 के अनुसार 01 वर्ष के लिए बालू की आपूर्ति और भरने हेतु। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु. 1,07,76,465.00, **3. अग्रधन राशि :** रु. 2,03,900.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 04.12.2025 को 17:00 बजे, ई–निविदा का खुलना : 04.12.2025 को 17:30 बजे. **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट: **http://gem.gov.in** विशेषः ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि०)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/1284/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit Ref. No. 4989 date 12.11.2025, I, Tushal Kumar Ram Son of Dinesh Ram, Resident of 89, Shiv Shanti Nagar, Teliya Basti, Ward - 10, Jhumri Tailaiya, District Koderma, Jharkhand - 825409, do hereby solemnly affirm and declare that the statements made hereinbelow are true to the best of my knowledge, information and belief :-
1. THAT I am Citizen of India.
2. THAT I am living at my above mentioned address.
3. THAT my actual and correct name is Tushal Kumar Ram Which is mentioned in my educational documents of Matriculation and Intermediate, Matriculation.
4. THAT in my AADHAR CARD, which Aadhar Number is 6408 4962 6230 my name is written as Tushal Ram which in correct/wrong.
5. THAT Tushal Kumar Ram and Tushal Ram is the same and one person which is my name.
6. THAT the purpose of this Affidavit for correction my name in my AADHAR CARD.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 6795 date 24.10.2025, I. VINAY SAW, S/o Sunil Saw, by faith-Hindu, by occupation-Stundent, Resident of Village - Tulbul, Manjhi Tola, Ward No.- 6, Post-Hariyamo, P.S. Gomis, Distict-Bokaro (Jharkhand) -Pin No.-829111 do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhar card No. 3907 0685 5110 my name is mentioned as BINAY SAW.
3. That, I have passed CBSE Examination in 2022 year from DAV Public School, TTPS Lalpania, District-Bokaro (Jharkhand). In my all educational certificates my name is mentioned as VINAY SAW. 4. That, my real and correct name is VINAY SAW.
5. That, BINAY SAW and VINAY SAW both name same and one person i.e. myself. 6. That, I want to correct or rectify in my name in my above said Aadhar car no. 3907 0685 5110 as VINAY SAW in place of BINAY SAW. 7. That, all contents make above are true and correct to the best of my knowledge and belief. If found false then I liable to punish according to law.

# एकतरफा नतीजा

बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी। चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया। आंकड़ों का विश्लेषण होता रहेगा, लेकिन मोटे तौर पर यह परिणाम कई संदेश देता है। पहला, इस चुनाव का माहौल बनना शुरू हुआ था एसआइआर से और आखिर में जंगलराज पर आकर टिक गया। महागठबंधन ने एसआइआर को वोट चोरी के रूप में पेश किया। प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को जिस तरह की दिक्कत आयी, उससे ऐसा माहौल बना भी कि जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लेकिन, लगता है कि आखिर में जनता ने इसे एक जरूरी प्रक्रिया समझ कर स्वीकार किया। दूसरा, इलेक्शन में एनडीए की ओर से सबसे ज्यादा कोई शब्द सुनाई पड़ा, तो वह था जंगलराज। यह लड़ाई अतीत की याद बनाम भविष्य के बीच भी थी। और केवल इसी बार नहीं, पिछले दो दशकों में बिहार में हुए हर चुनाव पर लालू-राबड़ी यादव के शासनकाल की छाया रही है। दोनों ही सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन एनडीए ने उन्हें चर्चा में बनाये रखा। तेजस्वी यादव पूरे समय इसी नैरेटिव को तोड़ने में लगे रहे कि वक्त बदल चुका है और वह दौर अब नहीं लौटेगा। उन्होंने उल्टे अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की, पर सफल नहीं रहे। तीसरा, नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं। उनके खराब स्वास्थ्य को लेकर भी अटकलें होती रहीं। लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े पॉलिटिकल ब्रैंड हैं। वह अब तक नौ बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है। चौथा, बिहार के सामने सबसे बड़ा सवाल था कि क्या यह बदलाव का समय है और विकल्प कौन हैं? दोनों चरणों में रिकॉर्ड मतदान हुआ। यह संकेत था कि परिणाम भी ऐतिहासिक होगा। पांचवां, यह चुनाव याद रहेगा फ्रीबीज की घोषणा के लिए। पहली बार बिहार ने इस तरह के ऐलान देखे, जहां दोनों तरफ से होड़ मची हुई थी। दोनों खेमों ने महिलाओं और युवाओं पर फोकस किया। आमतौर पर महिलाओं को शराबबंदी की वजह से नीतीश समर्थक माना जाता है। फिर चुनाव से ऐन पहले करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे गये, जो अहम फैक्टर साबित हुआ। तेजस्वी ने हर घर में सरकारी नौकरी का वादा जरूर किया, लेकिन यह सवाल आखिर तक उनके पीछे लगा रहा कि वह इसे पूरा कैसे करेंगे। छठा, जनसुराज, एआइएमआइएम और दूसरे छोटे दलों को निराशा मिली। प्रशांत किशोर के लिए खास कर यह बड़ा झटका है। हालांकि उनकी पार्टी के लिए यह पहला मौका जरूर था, लेकिन वह कई दूसरे दलों को चुनाव लड़ा चुके हैं - इसी वजह से उन्हें लेकर उत्सुकता ज्यादा थी।

**दोनों खेमों ने महिलाओं और युवाओं पर फोकस किया। आमतौर पर महिलाओं को शराबबंदी की वजह से नीतीश समर्थक माना जाता है। फिर चुनाव से ऐन पहले करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे गये, जो अहम फैक्टर साबित हुआ।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन की जीत से कई संदेश निकले हैं। माना जा रहा है कि एनडीए की जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही ही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने वोट भी खूब किया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों की मानें तो पुरुषों की तुलना में मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या बिहार चुनाव में 8.15 फीसदी ज्यादा रही। इस बार मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.96 फीसदी रही, जबकि 71.78 फीसदी महिलाएं वोट डालने निकलीं।**

# यह 200 पार तो 400 पार का मिटायेगा दर्द

अकु श्रीवास्तव

बिहार चुनाव के नतीजे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और जनता दल यूनाइटेड जद-(यू) के लिए उम्मीद से बढ़ कर हैं। एग्जिट पोल जो जीत बता रहे थे, उससे भी कहीं बढ़ कर है। वह भी तब, जब गृहमंत्री अमित शाह खुद इस गठबंधन के लिए अधिकतम 160 सीटों की जीत की संभावना बता चुके थे। इस बार तो भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 सीटें पार कर गया है। यह 200 पार भाजपा के लिए पिछले लोकसभा चुनाव के नारे अब की बार 400 पार के नारे को पूरा न हो पाने की तकलीफ को कम करता है।

बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन की जीत से कई संदेश निकले हैं। माना जा रहा है कि एनडीए की जीत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही ही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने वोट भी खूब किया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों की मानें तो पुरुषों की तुलना में मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या बिहार चुनाव में 8.15 फीसदी ज्यादा रही। इस बार मतदान में पुरुषों की हिस्सेदारी 62.96 फीसदी रही, जबकि 71.78 फीसदी महिलाएं वोट डालने निकलीं। भले ही कुल आबादी में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से कम है, मगर उन्होंने पुरुषों की तुलना में ज्यादा वोट कर जनादेश को अपनी इच्छा के मुताबिक मोड़ दिया। बिहार के कुल 7.45 करोड़ मतदाताओं में 3.93 करोड़ पुरुष और 3.51 करोड़ महिलाएं हैं। महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की ओर नीतीश सरकार का ध्यान पहली बार की सत्ता यानी 2005 से ही रहा है। सबसे पहले उन्होंने आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए जीविका नाम की योजना शुरू की थी जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम थी। इसके बाद शराब बंदी ने महिलाओं के बीच नीतीश कुमार की लोकप्रियता को बढ़ाया और अब चुनाव के ठीक पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किये।

**पहले 75 लाख महिलाओं के खाते में यह पैसा डाला गया और उसके बाद यह आंकड़ा बढ़ कर 1.5 करोड़ तक हो गया।**



**भले ही कुल आबादी में महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से कम है, मगर उन्होंने पुरुषों की तुलना में ज्यादा वोट कर जनादेश को अपनी इच्छा के मुताबिक मोड़ दिया। बिहार के कुल 7.45 करोड़ मतदाताओं में 3.93 करोड़ पुरुष और 3.51 करोड़ महिलाएं हैं। महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की ओर नीतीश सरकार का ध्यान पहली बार की सत्ता यानी 2005 से ही रहा है।**

पहले 75 लाख महिलाओं के खाते में यह पैसा डाला गया और उसके बाद यह आंकड़ा बढ़ कर 1.5 करोड़ तक हो गया। वैसे विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किये गये।

चुनाव आयोग के पास इसकी शिकायत भी गयी मगर उसने इसे ऑनगोइंग स्कीम कहा। आयोग ने यह भी कहा कि जब एक बार योजना शुरू हो जाती है, तो उसको रोकने का काम उसका नहीं है। यह महिलाओं के लिए काफी आशाजनक था और एक तरह से महिलाओं ने 6 नवंबर को पहले चरण और 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में भर-भर के वोट दिये। मतदान केंद्रों पर महिलाओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गयीं। इन कतारों ने बिहार की तस्वीर बदल दी। बिहार में यह भाजपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह अकेले दम पर 90 से ज्यादा सीटों पर कब्जा कर सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 74 सीटें अवश्य जीती थीं, मगर राजद 75 सीटें जीत कर सबसे बड़ा दल रहा था। 2010 के विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने 91 सीटों पर कब्जा किया था। इस बार आसार इस सीमा को पार कर लेने के हैं।

लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी माना जाता है, लेकिन इस चुनाव में तो ऐसा नहीं दिख रहा। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के प्रभुत्व वाले महागठबंधन में नेतृत्वहीनता और समन्वय की कमी साफ दिखी। आप इसका पूरा दोष तेजस्वी यादव और कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी पर लगा सकते हैं। यूं तो राहुल गांधी ने अपनी बिहार यात्रा के शुरुआती दौर में कुछ उम्मीदें जतायी थीं, लेकिन बाद में उन उम्मीदों पर पानी फिर गया जब वह यात्रा करने के लगभग एक माह तक चुनावी परिदृश्य से नदारद रहे। इसी दौरान चुनाव के शुरुआती दौर में राजद और कांग्रेस के बीच नेतृत्व और चेहरे को लेकर विवाद हुआ। उसे मतदाताओं ने गंभीरता से लिया। गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों में सीटों को लेकर खींचतान चलती रही। महागठबंधन के नेता नये समीकरणों को समझने में पूरी तरह चूक गये। कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण को लेकर भी खुलकर नाराजगी जताई गयी। टिकट बेचने के आरोप लगे और पूरे समीकरण बिगड़ गये।

प्रशांत किशोर ने पूरे बिहार में घूम-घूम कर जो मुद्दे खड़े करने की कोशिश की थी, उनका शुरुआती असर तो देखने को मिला, लेकिन उनकी जनसुराज पार्टी का प्रदर्शन बता रहा है कि बेरोजगारी, पलायन और विकास जिसे प्रशांत किशोर बिहार में बहुत बड़ा मुद्दा समझ रहे थे, बहुत आगे तक नहीं ले जा सके। बेरोजगारी बिहार के लिए बड़ा मुद्दा है लेकिन उसका हाल कैसे होगा, इस बात को वह जनता तक ठीक से पहुंचा नहीं सके। चुनाव के विस्तृत नतीजे तो बाद में आयेंगे, लेकिन फौरी तौर पर लगता है कि जनसुराज पार्टी को नोटा से भी कम वोट मिलेंगे। बिहार में नोटा को 1.82 फीसदी वोट मिले हैं। जहां तक वोट प्रतिशत की बात है, तो आरजेडी को ज्यादा बड़ा झटका नहीं लगा है। उसका अपना वोट जनाधार अब भी कायम दिख रहा है। वैसे इस नतीजे से यह साबित होता है कि राष्ट्रीय जनता दल सीट के गणित पर काम नहीं कर पायी।

कांग्रेस को इस बार एक फीसदी वोट की चोट लगी है। वह बिहार में इससे भी बड़ी चोट खाने की आदी है। भाजपा को करीब डेढ़ फीसदी वोट का फायदा हुआ है। इससे करीब 20 सीटें बढ़ी हैं। वोट शेयर में सबसे ज्यादा फायदा जनता दल-यू को हुआ है। नीतीश कुमार के वोट शेयर में 3.5 फीसदी का उछाल है। पिछले चुनाव में जद-(यू) को 15.3 फीसदी वोट मिले थे, जबकि इस बार उसका वोट प्रतिशत 18.8 से ज्यादा है। बिहार चुनाव कई संदेश दे रहा है। सबसे बड़ा संदेश यही है कि भाजपा के लिए यह जीत लोकसभा के 400 पार के नारे की भरपाई करने वाली है।

## कोल्हान की खबरें

# जुगसलाई में अपराध से पूर्व ही बदमाश गिरफ्तार




### हथियार और 5 जिंदा गोलियां बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार देर रात कार्रवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे बदमाश को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी हथियार और 5 जिंदा गोलियां बरामद की। शनिवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने मामले का खुलासा किया।उन्होंने बताया पुलिस टीम जैसे ही जुगसलाई गरीब नवाज कॉलोनी पहुंची स्कूटी सवार एक युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की कमर से एक हथियार, स्कूटी की डिक्की से 3 जिंदा गोलियां, पैकेज से एक गोली और हथियार में एक गोली के अलावा मोबाइल और स्कूटी जब्त कर लिया। उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपी की पहचान गरीब नवाज कॉलोनी निवासी मो. इकबाल के रूप में हुई। उसके खिलाफ 2023 में जुगसलाई थाना में मामला दर्ज हुआ था, जिसमें वह जेल भी जा चुका है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।छापेमारी टीम में एसआइ कृष्ण कुमार यादव, सुमित लकड़ा, गोपाल कुमार, गौतम कुमार, मुकेश कुमार साव, एएसआइ दूधनाथ राम और बिजेंद्र सहनी शामिल रहे।

# विधायक सोनाराम सिंकू ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



जगन्नाथपुर (आजाद सिपाही)। आयुर्वेदिक कॉलेज सह अस्पताल परिसर में किसान विकास समिति साननंदा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक व उपमुख्य सचेतक सोनाराम सिंकू शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष रंजीत गागराई के नेतृत्व में विधायक का पारंपरिक ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया।मौके पर विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारी पार्क का निरीक्षण किया और आंदोलनकारी को याद करते हुए राज्य निर्माण के कठिन संघर्षों को साझा किया।कार्यक्रम में स्वर्गीय कानुराम लागुरी को भी श्रद्धांजलि दी गई। उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया और ग्रामीण समाज में उनके योगदान को याद किया गया।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर विधायक पूर्णिमा साहू ने किया माल्यार्पण

### जनजातीय गौरव दिवस पर दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बिरसानगर संडे मार्केट परिसर स्थित आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरती आबा को नमन किया। कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा अमर रहेह्व और भारत माता की जय के नारे लगाये। इसके साथ ही हुल क्रांति के नायक सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

विधायक ने झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए उनका बलिदान सदैव याद रखा जायेगा।

पूर्णिमा साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय गौरव दिवस ने जनजातीय समाज के संघर्षमयी इतिहास को राष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। उन्होंने यह भी कहा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिरसा मुंडा की जयंती पर ही झारखंड की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया था। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार,मंडल अध्यक्ष बबलू गोप समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजनगर के खैरबानी में एकलव्य मॉडल स्कूल का पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास



**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड अंतर्गत खैरबानी ग्राम में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का ऑनलाइन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अथिति पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन, विशिष्ट अथिति सिंहभूम की सांसद जुबा मांझी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जहां उन्हें गुलदस्ते और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांसद जुबा मांझी ने कहा एकलव्य मॉडल स्कूल आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा का नया द्वार खोलने वाला साबित होगा। इससे ग्रामीण और आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी प्रगति होगी। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिषद सदस्य, स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मिथिला मोटर्स में लगा रक्तदान शिविर



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** मिथिला मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत द्वितीय वर्ष भी ब्रह्मानंद नारायणा ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें कंपनी के कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पिछले वर्ष 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जबकि इस वर्ष 150 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया था। कंपनी के एचआर हेड मदन कुमार ने कहा कर्मचारियों में रक्तदान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। यह शिविर हर वर्ष आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है, इससे आपात स्थिति में जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। शिविर को सफल बनाने में कंपनी के वीपी राजेश पटेल, सीएफओ शिवदत्त शर्मा, वरीय एचआर प्रबंधक मदन कुमार के साथ सागर कुमार साहू, एम आलम, आशीष कुमार, पवन प्रसाद, अमन कुमार, आरके श्रीवास्तव, हनी हुसैन, डीके सिंह, नितेश कुमार, बी लाल, राजीव सुभाष राजेश सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धरती आबा की विरासत हमें न्याय, सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ना सिखाती : संजीव सरदार



पोटका (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पोटका विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शनिवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने हल्दीपोखर बाजार में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और हाथीविंदा पंचायत के कोकदा धूमकुड़िया भवन में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक श्री सरदार ने कहा धरती आबा की विरासत हमें न्याय, सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करना सिखाती है।वही विधायक संजीव सरदार ने डुमुरिया प्रखंड के बड़ा बोतला बहादुरपुर पहुंचे, जहां आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। संबोधन में उन्होंने कहा बिरसा मुंडा का संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है और उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रमों में झामुमो के आंदोलनकारी नेता, प्रखंड प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील नोआमुंडी में विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य शिविर लगाया, 77 लोगों ने लिया लाभ



नोआमुंडी (आजाद सिपाही)। विश्व मधुमेह दिवस पर टाटा स्टील फाउंडेशन की पब्लिक हेल्थ टीम ने टीएमएच नोआमुंडी की मेडिकल टीम के सहयोग से उड़सिया गांव स्थित कम्युनिटी शेड में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित शिविर का उद्देश्य समुदाय को निवारक, प्रोत्साहन एवं उपचारात्मक सेवाएं उपलब्ध कराना और मधुमेह को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। इस वर्ष की थीम जीवन के विभिन्न चरणों में मधुमेह: एकीकृत देखभाल को मजबूत करना रही। जिसके तहत सभी आयु वर्ग में मधुमेह प्रबंधन के लिए निरंतर और व्यापक देखभाल की आवश्यकता पर जोर दिया गया।इस अवसर पर 10 आरबीएस परीक्षण, 6 हीमोग्लोबिन जांच की गयी। इसमें किसी में भी एनीमिया की आशंका नहीं पायी गयी। कुल 77 लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से जांच व परामर्श का लाभ लिया, जबकि अन्य लोगों को मधुमेह की रोकथाम संबंधी जागरूकता प्रदान की गई।शिविर ने ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता को सशक्त संदेश दिया। टाटा स्टील फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## गुरुकुल विद्या निकेतन विद्यालय चैनपुर में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा जयंती



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अस्पताल चौक स्थित गुरुकुल विद्यानिकेतन आवासीय विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सिकंदर आजम के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के साथ बिरसा मुंडा के जीवन पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंध निदेशक ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जंगल और जमीन के लिए लड़ने वाले महान आदिवासी जनचेतना के लोकनायक बिरसा मुंडा के शौर्य और बलिदान को सच्चे अर्थों में याद करने का आह्वान किया साथ ही बताया कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। बचपन से ही अंग्रेजों के अत्याचारों को देखकर उनके मन में विद्रोह की भावना जगी, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध जनजातीय विद्रोह 'उलगुलान' का नेतृत्व किया। इस मौके पर शिक्षक जयंती सहाय, शोभा कुमारी, राम विनय तिवारी, नीलम मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थें।

### झारखंड स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती पर पलामू और देवघर में भव्य समारोह

# झारखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा, संघर्ष और संकल्प दोनों का प्रतिरूप है : हफीजुल हसन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2025 को नगर निगम परिसर में जिलास्तरीय भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सोलोमन, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक सौरभ समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गयी। इसके उपरांत मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर मुख्य समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में मंत्री हसन ने धरती आबा बिरसा मुंडा को नमन करते हुए सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा संघर्ष और संकल्प दोनों का प्रतिरूप है। मंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि 113 करोड़ की लागत से बैद्यनाथ विहार चार सितारा होटल का निर्माण, बुढ़ैयी जलाशय, कृष्णा सागर डैम, सिकटिया बराज और पुनासी डैम जैसी परियोजनाओं पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। साइकिल वितरण योजना के तहत 46,114 लाभुकों को लाभ, आयवृद्धि योजनाओं के बेहतर परिणाम, मरांग गोमके विदेश छात्रवृत्ति योजना का विस्तार, अल्पसंख्यक छात्रावासों की स्वीकृति तथा 2500 से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं।



### विभिन्न प्रमाणपत्रों का हुआ वितरण

जल संसाधन विभाग की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु चांडिल डैम, गालूडीह बराज और खरकई बराज से जुड़े कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य की सिंचाई क्षमता वर्ष 2000 में 6.27 लाख हेक्टेयर थी, जो 2024-25 में बढ़कर 10.12 लाख हेक्टेयर हो चुकी है। मुख्य समारोह में मंत्री द्वारा सोनाझारी-सोबरन धोती-साड़ी योजना, वनाधिकार पट्टा, कृषि उपकरण, जेएसएलपीएस ऋण, बाबा साहेब आंबेडकर आवास, मनरेगा लाभ और विभिन्न प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया गया।

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने स्वागत भाषण देते हुए सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देवघर आस्था, संस्कृति और ऊर्जा का केंद्र है, और प्रशासन, जनप्रतिनिधि तथा जनता मिलकर ही इसे मॉडल जिला बना सकते हैं।

उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का संदेश–साहस, संघर्ष और सेवा–हम सभी को सतत प्रेरणा देता है।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस हमारी संस्कृति अस्मिता और संघर्ष की पहचान : उपायुक्त

**पलामू और झारखंड विकास व सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों बढ़ा आगे : पुलिस अधीक्षक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं उलगुलान के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन (टाउन हॉल) में जिलास्तरीय समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। पलामू डीसी समीरा एस ने झारखंड के रजत पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस हमारी संस्कृति, अस्मिता और संघर्ष की पहचान है। धरती आबा बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता और स्वाभिमान की जो राह दिखाई, वह आज भी हमसबों को प्रेरित करती है। जिला प्रशासन जनजातीय समाज के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। आज वितरित परिसंपत्तियां इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### बुकलेट का हुआ विमोचन

कार्यक्रम के दौरान उदय योजना के विजन, उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों एवं प्रगति से संबंधित बुकलेट का विमोचन किया गया।

### विद्यार्थियों की पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम स्थल को विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स से सजाया गया था। पेंटिंग मे मुख्य रूप से झारखंड एवं पलामू का नक्शा, झारखंड सरकार का लोगो, झारखंड मईया सम्मान,पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क, भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायक झांकियां और उलगुलान के ऐतिहासिक दृश्य को अत्यंत आकर्षक और जीवंत रूप में उकेरा गया था। यह पेंटिंग का आगंतुकों ने विशेष सराहना की।

उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि सकल्प का दिन भी है। हम सभी आज धरती आबा के जयंती मना रहें हैं, जिन्होंने शौर्य और उलगुलान से जल, जंगल जमीन की पहचान दी। उन्होंने कहा कि रजत पर्व समृद्ध पलामू व झारखंड निर्माण की संकल्प लेने का दिन है। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा का जीवन साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला व राज्य विकास व सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ा है।

समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान 24 लाभुकों को सामुदायिक वन पट्टा प्रदान किया गया। वहीं राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पिछले कुछ दिनों से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डीआरडीए निदेशक रतन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने की। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सदर, छतरपुर और हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

## चैनपुर में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



चैनपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। शनिवार को चैनपुर प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास के अध्यक्षता में भगवान विरसा मुंडा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रभारी प्रमुख सुनील सिंह व उपस्थित सभी पदाधिकारी एंव कर्मियों के द्वारा प्रखंड परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्रपट पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर बीडीओ ने बढ़ते ठंड के मद्देनजर 25 आदिम जनजाति परिवार के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर जेपीएस सूर्यदेव राम, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दाउद केरकेटा, सचिव राजू प्रजापति, जमालुद्दीन खलीफा, अनूप कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद सहित कई अन्य मौजूद थें।

## घाटशिला की जीत पर हुसैनाबाद जेएमएम कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। घाटशिला में झामुमो की जीत पर कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद में जश्न मनाया। झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह की अगुवाई में झामुमो कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि घाटशिला की जीत ने एक बार फिर बता दिया है कि राज्य की जनता को हेमंत सोरेन पर अटूट विश्वास है। कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ राज का सपना साकार हो रहा है। सोमेश सोरेन भी अब रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेंद्र साहनी समेत कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शांति पूर्ण संपन्न

सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के फुलवरिया स्थित पलामू किला मेला परिसर में सनातन सारथी सेवा परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शनिवार को शांति पूर्ण सम्पन्न हो गया। 9 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ प्रारम्भ हुआ था, जिसमें मुख्य जजमान संतोष प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी प्रिती देवी बनें और सात दिनों तक यज्ञाचार्य के सानिध्य में विधीवत यज्ञमंडप की पुजा, आरती और हवन किये। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में मनीका के पुर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, पांकी विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी अमीत तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार समीती के अध्यक्ष यमुना सिंह अतुल कुमार,गणेश सिंह, निर्दोष जी, श्याम बिहारी प्रसाद,संदीप प्रसाद, अरविंद प्रसाद, संजय प्रसाद की लोगों का अहम योगदान रहा।

## एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित



देवघर (आजाद सिपाही)। सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, देवघर द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफल आयोजन गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में हुआ। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में डीएवी भंडारकोला और रेड रोज स्कूल के कुल मिलाकर लगभग 160 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी कक्षा प्रबंधन की आधुनिक तकनीक , छात्र सहभागिता बढ़ाने ,सकारात्मक व्यवहार निर्माण, तथा शिक्षण वातावरण को अधिक व्यवस्थित और अनुकूल बनाने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में विश्वदीप चक्रवर्ती, पूनम भौमिक, गोविंद सिंह और आकाश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन सहोदया देवघर के अध्यक्ष राम सेवक सिंह गुंजन ,सचिव बलराम कुमार झा, रेड रोज स्कूल के प्राचार्य अनिल पांडे, गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह और सभी रिसोर्स पर्सन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा और महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पण किया गया। पांच घंटे के इस प्रशिक्षण में रूटीन सेटिंग, व्यवहार प्रबंधन, इंस्ट्रक्शनल स्ट्रैटेजीज, क्लासरूम ऑब्जर्वेशन, पीबीआईएस, तथा छात्र प्रेरणा तकनीकों जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

# समता स्कूल जपला में झारखंड स्थापना दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में झारखंड के 25 वीं स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सीनियर एवं जूनियर छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड स्तरीय प्रश्नों को आधार बनाकर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्राओं को बीच उपलब्ध पठान-पाठन सामग्री देकर स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर निदेशक श्री चौहान ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और उनका मानसिक विकास होता है।



छात्रों को पुरस्कृत करते विद्यालय के निदेशक।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा,किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, , विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, बबीता देवी,शकुंतला देवी, रीना देवी, अंशी सिंह, शशि लता कुमारी, उम्म सैयद, पंकज राज, संजीत कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल गुप्ता, राकेश प्रजापति, साबरीन खातून, गार्ड नंदू प्रजापति, परिचारिका विमला कुंवर, कौशल्या देवी, आदि उपस्थित थे।

# देवघर: आजसू ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने राज्य की विकास यात्रा पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। आदर्श लक्ष्य ने कहा कि झारखंड के गठन के करीब ढाई दशक बाद भी राज्य अपने मूल उद्देश्यों को पूरी तरह हासिल नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा कि अपार प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद राज्य अपेक्षित विकास से वंचित है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की खराब स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भी स्कूलों में पर्याप्त संसाधन और प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी है, जिसके कारण बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त की कि दूरदराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव आज भी लोगों की सबसे बड़ी समस्या बना हुआ है। बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार के सीमित अवसरों को युवा पलायन का प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। उद्योग, खनन और आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता की कमी पर बोलते हुए आदर्श लक्ष्य ने भ्रष्टाचार, अव्यवस्थित प्रबंधन और प्रशासनिक लापरवाही को मुख्य बाधा बताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता और सरकारों के अल्पकालिक कार्यकाल ने विकास की रफ्तार को बार-बार बाधित किया है।



महिलाओं की सुरक्षा, किसानों को उचित मूल्य, सिंचाई सुविधाओं की कमी और ग्रामीण आधारभूत संरचना की कमजोर स्थिति जैसे मुद्दों को भी उन्होंने प्रमुख रूप से उठाया।

उन्होंने कहा कि झारखंड आज भी वादों और संभावनाओं के बीच संघर्ष कर रहा है, जबकि ईमानदार प्रयास और मजबूत व्यवस्था के साथ यह राज्य देश में विकास का एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

# हरिहरगंज में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कुश्ती महाकुंभ शुरू

**आईजी सैलेंद्र कुमार सिन्हा ने किया राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** 26वीं सीनियर झारखंड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको-रोमन स्टाइल एवं महिला श्रेणी की दो दिवसीय राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को पलामू जिले के हरिहरगंज स्थित सीता प्लस टू हाई स्कूल मैदान में प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से पहुंचे करीब चार सौ महिला एवं पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया। जिससे मैदान उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सैलेंद्र कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने झंडोतोलन और हनुमान जी के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना कर किया।



कुश्ती प्रतियोगिता में झंडोतोलन व महिला-पुरुष पहलवानों को उत्साहवर्धन करते आईजी सैलेंद्र कुमार सिन्हा।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए आईजी सैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि हरिहरगंज में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे लाते हैं, बल्कि युवाओं को अनुशासन, मजबूत इच्छाशक्ति एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। खेल हमें स्वस्थ रहने, टीम भावना विकसित करने और जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। प्रशासन की ओर से हम हमेशा ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देते रहेंगे, ताकि झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल से प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि खेल समाज को जोड़ने तथा युवाओं को सही मार्ग दिखाने का सशक्त माध्यम है। इस मौके पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा,बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार सिंह, संघ के उपाध्यक्ष सह पलामू जिला अध्यक्ष कान्हा सिंह, पलामू जिला सचिव रंजित बहादुर सिंह, सहसचिव गौतम राज, उपाध्यक्ष सुबोध उर्फ बब्लू सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण मिश्रा, संरक्षक विश्वनाथ सिंह, राजीव, रॉबर्ट, ओमप्रकाश सहित अन्य दर्शक मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविका सुषमा का निधन, शोक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बांसों आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर-1 (कोड 14) की सेविका सुषमा कुमारी (19) का प्रसव के बाद तबीयत बिगड़ने पर इलाज के दौरान निधन हो गया। शनिवार को हुई इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। कम उम्र में हुई मृत्यु से परिवार और ग्रामीण स्तब्ध हैं। सुषमा कुमारी अपने पीछे पति आकाश कुमार सहित रोता-बिलखता परिवार छोड़ गईं। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं और ग्रामीण उनके घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों ने बताया कि सुषमा कुमारी मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ सेविका थीं। जिनका असमय निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। मृतक के घर आंगनबाड़ी सेविका रौशन आरा, निर्मला देवी, आशा देवी, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र भुइंया, राजद नेता रंजित पासवान, अजय भुइंया, बबन भुइंया, सुरेंद्र पासवान, जनेश्वर भुइंया, सुरेंद्र राम, रामजतन भुइंया, सीताराम मुखिया, नंदु भुइंया, जितेंद्र पासवान, बलदेव कुमार, मिथलेश भुइंया, बिरेंद्र भुइंया आदि ने पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मधुपुर में बिरसा मुंडा जयंती और स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की150वीं जयंती तथा झारखंड राज्य के 25वें रजत स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने की। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मियों तथा स्थानीय बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, जल-जंगल-जमीन की रक्षा और आदिवासी समाज के उत्थान के प्रतीक हैं। उनकी 150वीं जयंती हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस मौके पर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गयी एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। बीडीओ अजय कुमार दास ने झारखंड की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य प्राकृतिक संसाधनों, संस्कृति, परंपरा और विविधता में समृद्ध है। अंत में बीडीओ अजय कुमार दास ने सभी से राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर बीपीओ विकास कुमार, अभिजीत कुमार, बीपीआरओ सुभाष कुमार, बीसी विशाल कुमार, सहायक लिपिक राजेंद्र यादव, नाजीर देवेंद्र मुर्मू समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## सिसई में धूमधाम से मनी भगवान बिरसा मुंडा जयंती



सिसई (आजाद सिपाही)। झारखंड के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और झारखंड स्थापना की रजत जयंती पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर बीडीओ, सीओ, प्रखंड नाजिर, प्रधान सहायक, सीआरपी हेलो एवं अन्य कर्मियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा गया कि कैसे उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। झारखंड के लोग उन्हें भगवान मानने लगे थे। तभी से वे भगवान बिरसा मुंडा कहलाने लगे।

## बसिया में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह का आयोजन

बसिया (आजाद सिपाही)। ब्लॉक प्रांगण में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रांगण में स्थित बिरसा वाटिका में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर बसिया एसडीओ जयवंती देवगम, एलआरडीसी शेखर कुमार, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण तक को न्योछावर कर दिया। वह हमेशा अपनी मातृभूमि और संस्कृति की रक्षा के लिए लड़ते रहे।

## सिसई और भरने नें आज सुबह 10 बजे से 12.30 बजे तक बाधित रहेगी बिजली सेवा

सिसई (आजाद सिपाही)। सिसई और भरनो में रविवार की सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। इस बाबत विभाग के सहायक अभियंता हरि उरांव ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से 33 केवीए  इनकमिंग और आउटगोइंग 11 हजार सप्लाई लाइन में मरम्मति कार्य किया जाएगा। इस दौरान गुमला शाखा से करकरी और भरनो सब-डिवीजन की बिजली सेवा बंद रहेगी, जिससे दोनों सब डिवीजन से आपूर्ति होने वाले क्षेत्रों में रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बिजली सेवा बाधित रहेगी।

## भाजपा ने मनायी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



गुमला (आजाद सिपाही)। जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा ने शनिवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा आज का दिन हम सभी झारखंडियों के लिए गौरव का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन आज पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि हम झारखंड वासियों के त्याग और वीरता की गाथा को देश के लोग जान पा रहे हैं। कहा कि आज सभी नौजवानों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा की भावना से आगे आने की आवश्यकता है। इस मौके पर निर्मल गोयल, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, रामावतार भगत, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार, मंगल सिंह भोक्ता, भोला चौधरी, विनोद प्रसाद, छोटेलाल उरांव, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, देवेंद्र लाल उरांव, कौशलेंद्र जमुवार , हरिहर साहू,शंभू सिंह  मनमोहन सिंह, गुड्डी नंदा, बाल्केस्वर सिंह आदि थे।

## झानद ने बिरसा जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल ने वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर बिरसा जयंती, राज्य स्थापना दिवस और संगठन गठन दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रभारी पुष्पा उरांव ने किया। कहा कि झारखंड को लूट और भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए व्यापक जन एकता और आंदोलन जरूरी है। 18 नवंबर को किसानों के मुद्दों पर जिला मुख्यालय में धरना आयोजित करने की घोषणा की गई।





VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# जनजातीय गौरव दिवस पर पीएम मोदी ने रायडीह, पालकोट एवं विशुनपुर को दी एकलव्य आवासीय विद्यालय की सौगात, रखी ऑनलाइन आधारशिला

### पालकोट में 30 करोड़ रुपये की लागत से होगा विद्यालय का निर्माण कार्य

आजाद सिपाही टीम





**पालकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस पर झारखंड के गुमला जिले के रायडीह, पालकोट और विशुन पुर को एकलव्य आवासीय विद्यालय की सौगात देते हुए ऑनलाइन आधारशिला रखी। इसी क्रम में पालकोट में 30 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले एकलव्य आवासीय विद्यालय की ऑनलाइन उद्घाटन किया। इसे लेकर पालकोट के बंगरु गांव के पास निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय के शिलान्यास के निमित भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बसिया एसडीओ जयवंती देवगम, एसडीपीओ मो नाजिर अख्तर, पालकोट बीडीओ विजय उरांव, प्रखंड प्रमुख सोनी लकड़ा, बंगरु की मुखिया पूनम एक्का, सांसद प्रतिनिधि बसंत गुप्ता आदि उपस्थित थे। दोपहर दो बजे प्रधानमंत्री लाइव आये और ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम का रिमोट से उद्घाटन किया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों ने यहां शिलापट्ट का चादर हटा कर शिलान्यास किया। इसके बाद लोगों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर मनाये जा रहे जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। उधर, एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में लगी कार्यकारी एजेंसी ब्रिज एंड रूफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों ने बताया कि 11 एकड़ क्षेत्रफल में इस आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर रामअवध साहू, सूरजदेव सिंह, गोपाल केशरी, प्रकाश नारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

### विशुनपुर में भी बनेगा एकलव्य विद्यालय

दूसरी ओर, **विशुनपुर प्रखंड** के नरमा गांव में प्रस्तावित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भवन का शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन शिलान्यास किया। जिसका सीधा प्रसारण विद्यालय निर्माण स्थल पर दिखाया गया। इस दौरान बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने लोगों से कहा कि एकलव्य विद्यालय का निर्माण स्थानीय आदिवासी बच्चों के भविष्य को नई दिशा देगा। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शैक्षणिक ढांचा, खेलकूद की सुविधाएं, आवासीय व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशाला सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर सीओ शेखर वर्मा, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, जिला परिषद सदस्य पवन उरांव, मुखिया कमला कश्यप, बिशनपुर थाना प्रभारी अर्जुन यादव गुर्जर, थाना प्रभारी दीपक तिर्की और राजू भगत आदि उपस्थित थे।

### खेल मैदान को छोड़कर विद्यालय बनाने की मांग

बिशुनपुर प्रखंड के नरमा गांव के ग्रामीणों ने बीडीओ सुलेमान मुंडरी को ज्ञापन देकर कहा कि नरमा गांव के बच्चे प्रारंभिक दौर से खेल मैदान का इस्तेमाल करते आ रहे है। यही नहीं, वहां आदिवासी समुदाय का सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होता है। जहां फिलहाल एकलव्य विद्यालय भवन बनाने का काम शुरू हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार के पास पर्याप्त जमीन है। इसलिए खेल मैदान छोड़कर विद्यालय भवन निर्माण कराया जाए।

## एकलव्य विद्यालय में जनजातीय बच्चों को स्थानीय स्तर पर शिक्षा, खेलकूद एवं रहने की होगी व्यवस्थाः बीडीओ



रायडीह (आजाद सिपाही)। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर मनाये जा रहे जनजातिय गौरव दिवस पर शनिवार को रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की धरती से ऑनलाईन किया। उधर, रायहीट में बीडीओ प्रधान हांसदाक, मुखिया विरेंद्र उरांव, पंसस सरिता देवी और थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने संयुक्त रूप से शिलान्यास पट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि विद्यालय निर्माण होने से यहां के जनजातिय बच्चों को स्थानिय स्तर पर शिक्षा, खेलकूद और रहने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय की ओर से संचालित आवासीय विद्यालय हैं, जो अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता हैं। इस आवासीय विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए अलग छात्रावास, शिक्षकों के लिए आवास और पढ़ाई के साथ ही खेलकूद के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें 240 बालक और 240 बालिकाओं की सीट उपलब्ध होगी। इस आवासीय विद्यालय का कार्य ब्रिज एंड रूफ कॉ इंडिया लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है। इस विद्यालय के पूरा होने में दो साल का समय लगेगा। इस मौके पर विवेक मानिक, मांगू उरांव, अशरफ राय लालो, संगीता मिंज आदि मौजूद थे।

## डुमरी बासा नदी पुल के पास हुआ हादसा

# वाहन के धक्के से दो की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** गुमला जिले के डुमरी में बासा नदी पुल के समीप शनिवार की दोपहर सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मरने वालों की पहचान कठगांव निवासी रूपेश एक्का (28) और शेखपुर निवासी लुईस मिंज (65) के रूप में हुई है। जबकि इसी हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान नवीन तिग्गा (25) के रूप में हुई है, जो शेखपुर का ही रहने वाला है। उधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से तुरंत सभी को डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने रुपेश और लुईस को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल नवीन तिग्गा का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश में जुटी पुलिस

जानकारी के मुताबिक इस दिन एक अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक वृद्ध सहित दो की मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। वहीं, हादसे की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है। लगे हाथ मामला दर्ज कर हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गयी है। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र काफी व्यस्त और खतरनाक मोड़ पर स्थित है। यहां पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

## विक्षिप्त ने महिला से की छेड़छाड़, लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

गुमला (आजाद सिपाही)। शहर के जशपुर रोड में शनिवार की सुबह 10 बजे एक विक्षिप्त व्यक्ति को लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई की। आरोप है कि विक्षिप्त सड़क पर आती-जाती छात्राओं-महिलाओं से छेड़छाड़ करता है। पूर्व में भी उनने मेन रोड में ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की थी। तब स्थानीय लोगों ने उसे वहां से खदेड़ दिया था। दूसरी ओर, शनिवार को फिर से क्षेत्र में वह महिलाओं से छेड़छाड़ और उन्हें पकड़ने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच सड़क से पति के साथ जा रही एक युवक की पत्नी को उसने पीछे से पकड़ लिया। जिसके बाद नाराज लोगों ने उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। विक्षिप्त भी उनसे भिड़ गया और दोनों ओर से हाथापाई हुई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। लोगों ने कहा कि विक्षिप्त की हरकत से किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्योंकि सड़क पर चलने वाली महिलाओं को अचानक छेड़छाड़ करने लगता है। जिससे महिलाएं सड़क पर इधर-उधर भागने लगती है।

## रांची के मोराबादी के लिए रवाना हुए लोग

चैनपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती समारोह में शामिल होने के लिए बीडीओ यादव बैठा ने क्षेत्र के लोगों को शनिवार अहले सुबह रांची के मोराबादी मैदान के लिए रवाना किया। यह भव्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से मोराबादी में आयोजित हुआ। जिसमें चैनपुर, कातिंग, बिंदोरी आदि पंचायतों के लोग साक्षी बने।

## गुमला के जंगलों में लकड़ी माफियाओं की चांदी, वन विभाग अनजान

# 15 पेड़ों की अनुमति लेकर काट दिये सैकड़ों इमरती पेड़

आजाद सिपाही संवाददाता





**घाघरा।** स्थापना दिवस पर पूरा झारखंड उत्सव के रंग में सराबोर है। चारो ओर 'हमर हीरा झारखंड' के गीत सुनायी दे रहे हैं। हर ओर जश्न का माहौल। पर विडंबना देखिये कि झारखंड की पहचान कहे जाने वाले जंगलों को माफिया बेखौफ होकर सफाया करने में जुटे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण घाघरा प्रखंड के बिमरला माइंस इलाके में देखने को मिल रही है। जहां बीते एक वर्ष में लगभग 300 से 500 इमरती प्रजाति के बड़े पेड़ों को बेरहमी से काटा जा चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल वन विभाग की शह और मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक सुखवा पेड़ पर सिर्फ 15 पेड़ों की कटाई की अनुमति विभाग ने दी थी, जो रैयती जमीन पर लगे हैं। लेकिन इसी अनुमति को ढाल बनाकर माफिया हर एक-दो दिन पर 15-15 पेड़ काटकर ले जा रहे हैं। विरोध करने पर उन्हें विभागीय अधिकारियों की अनुमति मिलने का हवाला देकर धमकाया जाता है। इस मामले को लेकर जब प्रभारी फॉरेस्टर शेखर सिंह से पूछा गया कि अनुमति तो एक साल पहले जारी हुई थी, तो पिछले एक साल में कौन-सी कटाई वैध थी? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि अनुमति तो एक साल पहले दी गयी थी। हम धीरे-धीरे काटने देते हैं। 15 पेड़ मई से पहले ही काट लिए गए थे। अब अगर कटाई हो रही है तो वह अवैध है। इस पर कार्रवाई करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है, यदि 15 पेड़ पहले ही काट लिए गए थे, तो फिर एक वर्ष से चल रही कटाई पर विभाग मौन क्यों रहा?

### प्रभारी फॉरेस्टर की भूमिका सवालों के घेरे में

15 पेड़ों की अनुमति के बाद भी एक साल से जारी अवैध कटाई पर प्रभारी फॉरेस्टर शेखर सिंह ने माना कि अनुमति पहले ही पूरी हो चुकी थी। लेकिन यह बयान खुद उनकी निगरानी पर सवाल खड़ा करता है कि जब 15 पेड़ पहले ही काट लिए गए थे, तो उसके बाद हो रही लगातार कटाई पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? सिर्फ शिकायत आने पर कार्रवाई की बात कहना विभाग की कार्यशैली और ईमानदारी दोनों पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं।


### निरीक्षण मुख्य पथ तक ही सीमित

ग्रामीणों का आरोप है कि रेंजर बिरसाई लोहार क्षेत्र में आते जरूर हैं, लेकिन उनका निरीक्षण सिर्फ मुख्य सड़क तक सीमित रहता है। जंगलों के भीतर जहां बड़े पैमाने पर पेड़ काटे जा रहे हैं, वहां किसी अधिकारी का पहुंचना दुर्लभ है। इसी ढिलाई का फायदा माफिया उठाता है और हर दूसरे दिन लकड़ी से भरी ट्रॉली बिना रोक-टोक जंगलों से बाहर निकल जाती है। विभाग मूकदर्शक बना हुआ है, और माफिया फल-फूल रहा है।








सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited — प्रशिक्षण क्षेत्र — Seat Limited
1. FASHION DESIGNER:इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN :इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With Al Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management I
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 16 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in
11

## जैलेंद्र ने बिरसा पार्क में धरती आबा को किया नमन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** धरती आबा भगवान बिरसा की 150वीं जयंती पर अनगड़ा मुख्यालय स्थित बिरसा पार्क में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं संगठनों के लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रामसाय मुंडा, वीरेंद्र सिंह भोगता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिझुवा मुंडा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मधुसूदन मुंडा, पूर्व टीएससी सदस्य जमल मुंडा, सचिव अम्मनुलाह अंसारी, उपाध्यक्ष गणेश बेदिया, मनीष नायक, ननकेश्वर मुंडा, जगदीश महतो, राजू प्रमाणिक, रोशन साहु, जगदीश मुंडा, हरदयाल मुंडा, राजकिशोर पांडेय, अरसद अंसारी, रामदास लोहरा, अर्जुन बेदिया, सुधीर भोगता, सीताराम मुंडा, शिबू मुंडा, पुशनाथ मुंडा आदि उपस्थित थे।

## झामुमो ने किया भगवान बिरसा मुंडा को याद



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झामुमो प्रखंड समिति की ओर से शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रिझुवा मुण्डा, पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन मुंडा, पूर्व टीएससी सदस्य जमल मुंडा, सचिव अमानुल्लाह अंसारी, उपाध्यक्ष गणेश बेदिया, मनीष नायक, नन्केश्वर मुण्डा, जगदीश महतो, राजु प्रमाणिक, रोशन साहू, जगदीश मुंडा, हरदयाल मुंडा, राजकिशोर पांडेय, अरसद अंसारी, रामदास लोहरा, अर्जुन बेदिया, सुधीर भोगता आदि उपस्थित थे। इधर, जोन्हा बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मुखिया कृष्णा मुंडा और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिझुवा मुण्डा के नेतृत्व में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर बरतु पहान, ग्राम प्रधान बंसत पहान, राजेन्द्र उरांव, गणेश बेदिया, अमित सिंह मुंडा उर्फ गडाम, द्वारिका मुंडा, राजु उरांव, बिरसी बाण्डो, रोशन साहु, रामदास लोहरा, अर्जुन बेदिया, जगदीश मुंडा, नन्केश्वर मुण्डा, हर्षनाथ भोगता आदि मौजूद रहे।

## तुपुदाना में धूमधाम से मनी भगवान बिरसा की जयंती




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** तुपुदाना क्षेत्र में भाजपा की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। तुपुदाना के मिलन चौक पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शंकर टोप्पो एवं संचालन राजू नायक ने किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की वीरता, बलिदान और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार है। कहा कि आज जब समाज तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, तब बिरसा मुंडा की विचारधारा पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई है। धरती आबा की जयंती हमें यह याद दिलाती है कि अपनी संस्कृति, अपने अधिकार और अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए एकजुट होना कितना आवश्यक है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के कमजोर और जरुरतमंद लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। मौके पर शंकर महतो, सोमरा कच्छप, अभय कुमार, सागर प्रजापति, मनोज महतो, पवन पांडे, घना उरांव, मिश्रा जी, विवेकानंद आदि उपस्थित थे।

## अनगड़ा में धूमधाम से मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा मुंडा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अलख जगाया, बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा और आदिवासी अस्मिता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। झारखंड राज्य की स्थापना धरती आबा के सपनों का ही साकार रूप है, हमें उनकी विचारधारा को आत्मसात कर राज्य को और अधिक समृद्ध, समावेशी एवं न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। इस मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया सीमा देवी, एतवा उरांव, रज्जाक अंसारी, आशीष मुंडा, सरिता देवी, रामचरण पहान, मधुसूदन मुंडा, शबनम खातून, सीमा कुमारी, मैंनी देवी, भुखली देवी, फाल्गुनी शाही मुण्डा, शीला देवी, केशव केसरिया, पुशनाथ मुंडा, सुखराम उरांव, लोकनाथ पाहन, समीम खान, आलम अंसारी, संतोष कच्छप, दशरत पहान, गंगा मुंडा, गोवर्धन मुंडा, दुबराज मुंडा, जितेंद्र मुंडा, आदित्य पाहन, संजय पहान, रब्बानी राज, अघनु महतो, जयनाथ मुंडा, महेश मुंडा, मधु मुंडा आदि मौजूद थे।

## बिहार में विकास, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता की जीत है : बलराम सिंह



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बिहार में एनडीए को मिली प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर मिठाइ बांटी। साथ ही जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में बड़ाइक चौक से जुलूस निकाला गया, जिसका समापन महावीर चौक पर हुआ। इस अवसर पर बलराम सिंह ने कहा बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन पर एक बार फिर मुहर लगाई है। यह जीत केवल एनडीए की नहीं, बल्कि बिहार के विकास, गरीब कल्याण, और आत्मनिर्भरता की जीत है। मौके पर जतरु उरांव, बिरसा उरांव, सुखदेव कच्छप, आनंद साहू, आदित्य ताम्रकार, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में बच्चा सहित चार की मौत, एक गंभीर

### मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की, विधायक ने समझा कर शांत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक अयांश लकड़ा की फाइल फोटो।



हादसे के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**नामकुम।** थाना क्षेत्र में चार अलग-अलग सड़क दुघर्टनाओं में चार साल के बच्चा सहित चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना रांची-जमशेदपुर मुख्य मार्ग के तैमारा में घटित हुई। जहां एक ट्रेलर ने ऑटो को टक्कर मार दिया। इस हादसे में ऑटो चालक कान्हाचट्टी चतरा निवासी संदीप राम (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरी घटना रिंगरोड के सरवल में हुई। जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस डटना में पेशे से ठेकेदार बडाम़ मंझेश टोली निवासी राजू महतो (38) की मौत हो गई। जबकि तीसरी घटना पुरुलिया रोड के स्वर्णरिखा पुल के पास हुई। यहां बाइक और स्कूटी की सीधी टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार महिलौंग निवासी अभिषेक कच्छप की मौत हो गई। जबकि स्कूटी सवार विनोद सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पुलिस ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, चौथी घटना राजाउलातू चैने में हुई। जहां अपनी मां के साथ स्कूल से घर लौट रहें चार साल के अयांश लकड़ा को ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। आयांश चैने गांव के रहने वाले विनय लकड़ा का बेटा था। वह राजाउलातू के संत अन्ना किंडर गार्डन स्कूल में केजी में पढ़ता था। स्कूल की छुट्टी के बाद मां अनुपात केस के साथ घर लौट रहा था, तभी घटना घटी। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पाकर पहुंची नामकुम पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। बाद में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने चारों घटनाओं में मारे गये लोगों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जशपुरिया संस्थान में बाल दिवस, 25वां झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बाल दिवस, 25वां झारखंड स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गेतलसुद की मुखिया शांति मुंडा उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा के संघर्ष, जनजातीय परंपराओं के संरक्षण और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान बीसा जशपुरिया पब्लिक स्कूल की छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा एक, दो और तीन के छात्रों ने झारखंड की लोक-संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। नर्सरी, एलकेजी और यूरेजी के बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका निभाकर समा बांध दिया। किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग एवं एएनएम की छात्राओं द्वारा मनमोहक जनजातीय नृत्य, जशपुरिया बीएड कॉलेज के बीएड. एवं डीएलएड् विभाग के प्रशिक्षुओं द्वारा गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। संस्थान के चेयरमैन द्वारा आशीर्वचन के बाद जशपुरिया पब्लिक स्कूल में आयोजित क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। अंत में जशपुरिया बीएड कॉलेज के सांस्कृतिक प्रकोष्ट कि प्रभारी सरिता कुमारी ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, अभिभावक शामिल हुए।

## हुंडरू फॉल घूमने आये तीन बच्चों को पर्यटन कर्मियों ने डूबने से बचाया



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुंडरू फॉल में शैक्षणिक भ्रमण में घुमने आये तीन बच्चों को पर्यटन कर्मियों ने शनिवार को डूबने से बचा लिया। घटना दोपहर 12 बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक हजारीबाग के चुरचू आइडल चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल से एक बस से 87 बच्चे शैक्षणिक भ्रमण में हुंडरू फॉल घुमने पहुंचे थे। सभी बच्चे झरना के समीप खड़े होकर आनंद ले रहे थे, तभी समूह से तीन बच्चे ताकेश कुमार (10), तोफित कुमार (11) और सौरभ कुमार अलग होकर मनतू मारा दह डेंजर क्षेत्र में चले गये। वे फिसलन वाली चट्टान में चढ़ रहे थे ,तभी ताकेश का पैर फिसल गया और वह दह के गहरे पानी में गिर कर डूबने लगा। यह देख दोनों के साथी तोफिक और सौरभ कुमार ने बचाने के लिए शोर मचाया। ऐसा करते हुए वे भी पानी में गिर कर डूबने लगे। बच्चों को शोर सुनकर झरना के समीप तैनात पर्यटन कर्मी चंद्र उदय बेदिया, रंजन कुमार बेदिया एवं महेश्वर बेदिया दौड़ते हुए घटना स्थल पहुंच गये। बच्चों को डूबता देख चंद्र उदय बेदिया एवं रंजन कुमार बेदिया ने अपनी जान की परहान किये बिना गहरे पानी में कूद गये और काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया।

## विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का भंडार होती है विज्ञान प्रदर्शनी : गंगोत्री कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो गांव स्थित विद्यासागर पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और सेवानिवृत्त प्रो इंद्र मोहन राय ने पंडित जवाहर लाल नेहरु के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान अतिथियों ने सभी स्टॉल पर जाकर छात्रों द्वारा बनाए गए कला एवं विज्ञान संबंधी मॉडलों का अवलोकन किया। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों के लिए ज्ञान का भंडार होती है। इस तरह की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के लोगों को भी आधुनिक शिक्षा की जानकारी होती है। मौके पर विद्यालय के संरक्षक राजेश्वर सिंह, भोगेन सोरेन, बलराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## चितरकोटा फास्ट दीपक ब्रदर्स बना चैंपियन

# खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : नेहा तिर्की

**पाली पंडरा में आयोजित छह दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** बाजपुर पंचायत के पंडरा गांव में सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जंगल लव क्लब की ओर से आयोजित छह दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शनिवार की शाम समाप्त हुआ। पंडरा मैदान में आयोजित फाइनल मैंच में फास्ट दीपक ब्रदर्स चितरकोटा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मुकाबले में रातू के मामा स्पॉटिंग क्लब को हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य की कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की मौजूद रहीं। उन्होंने विजेता टीम को तीन लाख रुपये नकद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं, उप विजेता को दो लाख एवं ट्रॉफी, जबकि तीसरा एवं चौथे नंबर की टीम को 50- 50 हजार रुपया दिया गया। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट गोलकीपर को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मंत्री नेहा तिर्की ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भवना से खेलना चाहिए। खेल हमारे जीवन का एक हिस्सा है। खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल से ही खिलाड़ी का सर्वांगीण विकास होता है। अच्छे खिलाड़ियों को निखारने के लिए सरकार प्रति वर्ष लाखों रुपये खर्च करती है। हमारा भी दायित्व बनता है की ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन करते रहे और अच्छे खिलाड़ी निखार कर आगे पहुंचाते रहे। जिससे हमारा एवं हमारे क्षेत्र का नाम रोशन हो। इस मौके पर प्रमुख संगीता देवी, मुखिया साबित तिर्की, बेलस तिर्की, कुशल, विक्रम उरांव, रामनंदन महतो, दुर्गा उरांव, विजय उरांव, बसंत उरांव, पंचू उरांव, गुना उरांव और बिरसा उरांव आदि उपस्थित रहे।

## ओरमांझी में मनायी गयी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चापाबार भेलवा टोली में शनिवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर धरती आबा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके पहले गांव की महिला-पुरुष एवं छोटे बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े, मांदर के साथ नाचते गाते अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह विधायक सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि अब हमारा झारखंड 25 साल का हो गया है।वहीं, अतिथियों-ग्रामीणों ने भगवान बिरसा मुंडा के क्रियाकलाप एवं जीवनी के बारे में बताया। मौके पर वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद साहू, प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष तुलसी खरवार ,विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, पूर्वी मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप मुंडा, शोभा देवी, सोनिया देवी, बरसी देवी, गीता देवी, तेतरा उरांव, अजय मुंडा, अजय उरांव, सोमर उरांव आदि उपस्थित रहे।

## पेसा लागू नहीं होने के कारण झारखंड निर्माण का सपना अधूरा है : राम लगन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्थापना की रजय जयंती पर शनिवार को पिठोरिया पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राम लगन मुंडा ने की। बैठक की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान चिंता व्यक्त की गई कि झारखंड के बने 25 वर्ष हो जाने पर भी अभी तक पेसा लागू नहीं हो पाया है। पेसा लागू नहीं होने के कारण झारखंड निर्माण का सपना अधूरा है। अंत में भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। साथ ही पेसा लागू कराने क लिए चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अजय कुमार पाहन, सुभाष बेक, रमेश उरांव, कामेश्वर पाहन बंधन उरांव, राम किशोर उरांव, बैजनाथ उरांव, विजय मुंडा, सुरेश पाहन, छोटू मुंडा एवं रजनीचंद्र पाहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बुंडू में धूमधाम से मनायी गयी बिरसा जयंती




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। विद्यालय संचालक भुवनेश्वर प्रामाणिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर बच्चों के बीच दो दिवसीय खेलकूद एवं विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें बैडमिंटन, डोज बॉल, बुडबॉल, जीके कंपीटीशन, मैथ क्विज, स्पून मार्बल ,इन आउट गेम और कराटे आदि शामिल थे। खेल एवं प्रतियोगिता में सफल सैकड़ों बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को उनके सफलता के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद स्कूल संचालक भुवनेश्वर प्रामाणिक ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन वृतांत बच्चों को बताते हुए प्रेरित किया।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा- बुण्डू, थाना बुण्डू, थाना नं०-28 जिसका खाता नं० 1209, प्लाट नं० 200, 251, 253, 302 एवं 303, रकवा क्रमशः 19 डी०, 10 डी०, 4.33 डी०, 2.73 एकड़ एवं 1.04 एकड़ विशेश्वर नायक व कंगाल चंद्र नायक के नाम से आर०एस० खतियान में दर्ज है जिसका वंशावली निम्न प्रकार है :-

- साधु चरण नायक
  - विरेश्वर नायक
    - राम सत्य नायक
    - रामाकान्त नायक
      - सुबोध बाला (नावल्द)
  - कंगाल चन्द्र नायक
    - महादेव नायक
      - बुद्धदेव नायक (आवेदक)
        - गणेश नायक
          - सुजीत कुमार नायक
        - ज्ञानेन्द नायक उर्फ गुही नायक
          - छविवाला
        - शशांक शेखर नायक
        - कुवेर नायक

उपरोक्त खाता का खतियानी रैयत के वंशज के बीच बंटवारा वाद चला है जिसका वाद संख्या-60/1979 है उक्त बंटवारा वाद के आदेश के विरुद्ध उभय पक्ष के बीच टाइटल अपील हुआ है जिसका वाद संख्या 66/1991-92 है इसके पश्चात् उपरोक्त खाता में एक इजराय वाद में दखल देयानी हुआ है जिसका वाद संख्या - 2/2012 है जिसमें ऊपर वर्णित जायदाद बुद्धदेव नायक पिता महादेव नायक को दखल दिया गया है साथ ही इनके नाम से तख्ता भी बना है। परन्तु उक्त सम्पति का ऑनलाइन पंजी-।। में रामसत्य नायक पिता विशेश्वर नायक एवं महादेव चंद्र नायक पिता कंगाल चंद्र नायक के नाम से अंचल कार्यालय बुण्डू में गलत दर्ज हुआ है जिसका भाग वर्तमान -12, पृष्ट संख्या - 199 में दर्ज है । नयायालय के आदेश के अनुसार महादेव नायक पिता कंगाल चंद्र नायक के नाम से होना चाहिए । इस संबंध में संबंधित न्यायालय में मामला विचाराधीन है । कोई भी व्यक्ति अगर धोखाधड़ी आदि कर उक्त सम्पति से संबंधित किसी भी प्रकार का दस्तावेज करवाया है या ऐसा करने का प्रयास करता है तो ऐसा कार्य सरासर गैर कानूनी एवं अनाधिकृत होगा एवं संबंधित पक्षकार उसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

हस्ताक्षर निष्पादक
बुद्धदेव नायक
आधार नं. 3115 9831 1224
मो. 9263298472



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002, (E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 503/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -


| | |
|---|---|
| Name of work | Tower dismantling & DE – Stringing of 56 nos. of 132 kV transmission tower from LILO point at 132 kV Dumka – Lalmatia circuit-II to Adani Power Ltd. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 95,75,458.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 1,91,550.00 On line mode |
| Completion Period | 03 Month |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 21.11.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 21.11.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 11.12.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 12.12.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

**PR 366080Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)#D**




# राज्यपाल और सीएम ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

## राज्यवासियों से बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने की अपील

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की आत्मा और आदिवासी नेता धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राज्यपाल और सीएम ने बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज की उम्मीद और संघर्ष का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

### सीएम ने किया नमन

सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तस्वीर भी शेयर की है। उन्होंने लिखा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें! अमर रहें! अमर रहें! हेमंत सोरेन ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने संघर्ष और त्याग से जनजातीय समाज में सम्मान, स्वाभिमान और अधिकार की नयी चेतना जगायी। अबुआ सरकार बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने के लिए महिलाओं के सम्मान, युवाओं के सशक्तिकरण, बच्चों की शिक्षा और झारखंड की संस्कृति व भाषा के संरक्षण पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने राज्यवासियों से उनके आदर्शों पर चलने की अपील करते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें। वहीं दूसरी ओर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।





## लालू की बेटी रोहिणी बोली, पार्टी और परिवार छोड़ रही हूं

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद एक बार फिर संजय यादव को लेकर लालू परिवार में बवाल तेज हो गया है। लालू को किडनी देने वाली दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, 'मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूं। संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था और मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूं।' रोहिणी ने अपनी पोस्ट में ये बताने की कोशिश की है कि संजय यादव और रमीज ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। संजय राज्यसभा सांसद हैं और तेजस्वी के रणनीतिक सलाहकार हैं। रमीज यूपी के बलरामपुर के रहने वाले हैं। जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के दामाद हैं। इन पर हत्या समेत कई मुकदमे हैं। ये फखऊ का सोशल मीडिया और चुनाव का कामकाज देखते हैं। इनकी पत्नी भी विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। इसी साल 25 मई को लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निकाला था। तेज प्रताप ने इसके लिए संजय यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। चुनाव के नतीजों में राजद को महज 25 सीटें मिली हैं, जबकि 2020 में पार्टी ने 75 सीटें जीती थीं। तेजप्रताप करीब 50 हजार वोटों से इस चुनाव में हारे हैं। लंबी खींचतान के बाद तेजस्वी अपनी सीट बचा पाये हैं।

## बिहार में हार के बाद खड़गे के घर बैठक

नयी दिल्ली। बिहार चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को दिल्ली में पहली समीक्षा बैठक बुलायी। यह बैठक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई, जिसमें राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने चुनाव नतीजों की समीक्षा की, संगठन की कमियों पर चर्चा की और आगे की रणनीति को लेकर सुझाव दिये। बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या : 09-MC-ROH-BOBRN-25-26 धनबाद, दिनांक : 14.11.2025 वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-खुली निविदा (e-open tender) Single Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम : आरओएच शेड, बरवाडीह में BOBRN वैगनों के रूटीन ओवरहॉलिंग (आरओएच) रखरखाव की आउटसोर्सिंग। 2. संविदा की अवधि : 24 माह। 3. कार्य-स्थान : ROH शेड, बरवाडीह। 4. अनुमानित बोली मूल्य : ₹9,27,36,756/- (नौ करोड़ सत्ताईस लाख छतीस हजार सात सौ छप्पन रूपये मात्र)। 5. निविदा दस्तावेज मूल्य : ₹0.00 (शून्य)। 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार) : ₹6,13,700 (छः लाख तेरह हजार सात सौ रूपये मात्र)। 7. ई-निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : तारीख 20.11.2025 से 04.12.2025 को 17:30 बजे तक। 8. ई-निविदा खुलने का तारीख तथा समय : 04.12.2025 को 17:45 बजे। 9. वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in (ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी)।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1291/डीएचएन/यां./टी/25-26/40

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है।
1. निविदा संख्या एवं दिनांक : GeM Bid No. GEM/2025/B/6816605 दिनांक 14.11.2025. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद से खुलने वाली ट्रेन के एसी कोचों के लिनन की मशीनीकृत धुलाई के साथ-साथ धनबाद कोचिंग डिपो से धनबाद स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों तक पहूँचने तथा लाने एवं ट्रेनों में लिनन को चढ़ाने व उतारने एवं धनबाद के ट्रेनों के एसी कोचों के पर्दों की धुलाई का 01 (एक) वर्ष का ठेका। कार्य समापन अवधि-1 वर्ष। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹6,91,72,960.68 (छः करोड़ इक्यानवे लाख बहत्तर हजार छियानवे रूपये और अइसठ पैसे) मात्र। 4. बयाना राशि : ₹4,95,900.00 (चार लाख पंचानवे हजार नौ सौ रूपये) मात्र। 5. ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 05.12.2025 को 16:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 05.12.2025 को 16:30 बजे। 6. वेबसाईट विवरण : https://www.gem.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद

पीआर/1292/डीएचएन/सीएण्डडब्ल्यू/टी/25-26/40

# उलगुलान के नायक को नमन: बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना के रजत वर्ष पर भाजपा ने निकाली ऐतिहासिक शोभायात्रा




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान के महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन 150वीं जयंती एवं झारखंड स्थापना के 25वें वर्ष पर शनिवार को भाजपा, रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा बिरसा मुंडा स्मृति स्थल (पुराना जेल परिसर), जेल चौक से प्रारंभ होकर कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल, कोकर तक ढोल-नगाड़ों, आदिवासी-परंपरागत वाद्ययंत्रों, आकर्षक झांकी एवं हजारों कार्यकर्ताओं की सहभागिता के साथ निकाली गयी।

इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने हाथों पुराना जेल परिसर स्थित धरती आबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर शोभायात्रा की शुरुआत की। कार्यकर्ताओं ने जुलूस के रूप में बिरसा समाधि स्थल पहुंचे एवं नेताओं ने पुष्प अर्पित किया।

शोभायात्रा में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी, पूर्व विधायक नीरा यादव, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुनीता सिंह रवि मुंडा, सन्नी टोप्पो, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, शोभा यादव सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा केवल एक जननायक नहीं, बल्कि आजादी के प्रथम क्रांतिकारियों में अग्रणी थे।

कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह रजत वर्ष झारखंड की गौरवगाथा का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें संघर्ष, त्याग और जनहित की प्रेरणा दी।

भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़कर समृद्ध झारखंड के उनके सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज हजारों कार्यकर्ताओं की यह शोभायात्रा इस धरती के महान पुत्र के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जो अलख जगायी, उसने पूरे देश को आंदोलित किया। आज भी वे प्रेरणा के सबसे बड़े स्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा आदिवासी समाज के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी देती रहेगी। बिरसा की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उनकी शिक्षाओं को जीवन में उतारने का अवसर है।

# फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक से श्रीनगर थाने में धमाका, नौ की मौत, 32 घायल

- सैंपल लेते समय अमोनियम नाइट्रेट में ब्लास्ट हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गयी है। 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और एसकेआइएमएस सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गयी थी।

# बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकराया : मोदी

## हार के सदमे से बाहर निकलने में महीनो लगेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सूरत।** पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर शनिवार को बिहार के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल के विधानसभा चुनाव में जाति की राजनीति को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से बाहर निकलने में महीनों लगेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में हर जगह है। यहां के लोग दुनिया की राजनीति को समझते हैं। बिहार ने सांप्रदायिकता के जहर को ठुकरा दिया। एनडीए ने बिहार में 243 सीटों में से 202 जीती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के सूरत का दौरा किया। इस दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का ऐतिहासिक विजय हुआ हो, और अगर हम सूरत से आगे जा रहे हों और बिहार के लोगों से मिले बिना जाएं, तो लगता है यात्रा अधूरी रह गई है। इस दौरान उन्होंने गुजरात में रहने वाले बिहार के लोगों का अभिवादन किया।

**दुनिया भर में छाया है बिहार :** प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों का राजनीति नहीं समझानी पड़ती है। बिहार के लोग दुनिया को राजनीति समझाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ने जातिवादी राजनीति को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार आज दुनिया भर में छाया हुआ है। आप दुनिया में कहीं भी जाइए, बिहार का टैलेंट आपको नजर आयेगा।

**जमानती नेता फैला रहे थे जातिवाद :** पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो साल से ये जमानती नेता बिहार में जाकर जातिवाद-जातिवाद का भाषण दे रहे थे। जितनी ताकत थी उन्होंने जातिवाद का जहर फैलाने की कोशिश की। लेकिन बिहार के इस चुनाव ने जातिवाद के इस जहर को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि यही मंत्र हमारे लिए हिंदुस्तान का हर कोना, हिंदुस्तान का हर राज्य, हर भाषा-भाषी नागरिक... ये हमारे लिए पूजनीय है, वंदनीय है। इसलिए बिहार का भी गौरव करना, बिहार के सामर्थ्य को स्वीकार करना... ये हमारे लिए बहुत सहज बात है।

**महिला-युवा का माई कॉम्बिनेशन :** उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एनडीए गठबंधन जो विजयी हुआ है और महागठबंधन जो पराजित हुआ है... दोनों के बीच 10 प्रतिशत वोट का फर्क है, ये बहुत बड़ी बात है। यानी, सामान्य मतदाता ने एकतरफा मतदान किया, ये बिहार के विकास के प्रति ललक है। उन्होंने कहा कि महिला-युवा एक ऐसा माई कॉम्बिनेशन बना है, जिसने आने वाले दशकों की राजनीति का नींव मजबूत कर दी है। इस दौरान पीएम मोदी ने वक्फ कानून का जिक्र करते हुए कहा, "गैर-कानूनी तरीके से मकानों को कब्जा करके वक्फ बना दिया जाता था। तमिलनाडु में पूरा का पूरा गांव वक्फ की प्रॉपर्टी बना दिया गया। इस पर चिंता को देखते हुए हम संसद में वक्फ कानून लाये।

**अब कांग्रेस को कोई नहीं बचा सकता :** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये देश मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस को अस्वीकार कर चुका है। कांग्रेस पार्टी में जो राष्ट्रीय विचारों से पले-बढ़े लोग हैं, ऐसे कांग्रेस का बहुत बड़ा वर्ग... नामदार के हरकतों से दुखी है। कांग्रेस को अब कोई बचा नहीं सकता है, ऐसी हालत हो गयी है।



### पंडोरी माता के मंदिर गये

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडोरी माता के मंदिर गये। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। पीएम ने डेडियापाडा में 4 किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के हजारों लोग सड़क किनारे नजर आये। इसके बाद उन्होंने 9700 करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**